वर्ष : 34 | अंक : 264 | मुंबई, सोमवार, 1 दिसंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



पूर्वी सीमा पर राफेल-ब्रह्मोस-S-400 की तैनाती तेज

भारत का बड़ा सैन्य कदम

# 'चिकन नेक' की सुरक्षा के लिए तीन नए मिलिट्री बेस

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत ने पूर्वी सीमा पर अपनी सैन्य संरचना को और मजबूत करते हुए सिलिगुड़ी कॉरिडोरजि-से सामरिक रूप से 'चिकन नेक' कहा जाता है की सुरक्षा के लिए तीन नए मिलिट्री बेस विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। केवल 22 किलोमीटर चौड़ा यह कॉरिडोर उत्तर-पूर्वी राज्यों को देश की मुख्य भूमि से जोड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है। बदलते क्षेत्रीय परिदृश्य को देखते हुए इस इलाके को अब बहु-स्तरीय सुरक्षा कवच प्रदान किया जा रहा है।

### असम, बिहार और बंगाल में नए सैन्य स्टेशन

सूत्रों के मुताबिक, असम के धुबरी के पास लाचित बोरफुकन मिलिट्री स्टेशन,बिहार के किशनगंज में एक नया फॉरवर्ड बेस और पश्चिम बंगाल के चोपड़ा में अत्याधुनिक फॉरवर्ड ऑपरेशनल पॉइंट स्थापित किया जा रहा है। चोपड़ा बेस बांग्लादेश सीमा से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर है। ये ठिकाने केवल सैन्य अड्डे नहीं बल्कि रैपिड रिस्पांस यूनिट, पैरा-फोर्सेज, इंटेलिजेंस सेल और हाई-टेक सर्विलांस सिस्टम से लैस स्ट्रैटेजिक नोड के रूप में विकसित किए जा रहे हैं।

### बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद बढ़ी रणनीतिक सतर्कता

इन तैयारियों के पीछे क्षेत्रीय राजनीति में आए बदलाव को प्रमुख कारण माना जा रहा है। शेख हसीना के स्थान पर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के आने के बाद बांग्लादेश की विदेश नीति में चीन और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नज़दीकियों को भारत रणनीतिक रूप से गंभीर मान रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार ढाका चीन से J-10C फाइटर जेट खरीदने की प्रक्रिया में है,ड्रोन निर्माण में भी चीन की भूमिका बढ़ रही है, जबकि पाकिस्तान ने JF-17 Block-C ऑफर किया है। ये घटनाक्रम भारत के लिए संवेदनशील सिलसिले में देखे जा रहे हैं क्योंकि भारत-बांग्लादेश सीमा पूर्वी थिएटर में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### सिलीगुड़ी कॉरिडोर को मल्टी-लेयर्ड प्रोटेक्शन

करीब 4.5 करोड़ लोगों वाले उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए यह कॉरिडोर जीवनरेखा है। किसी भी संकट की स्थिति में दुश्मन देश इस 22 किलोमीटर संकरे हिस्से को निशाना बनाकर पूर्वोत्तर को भारत की मुख्य भूमि से अलग कर सकते हैं, इसलिए भारत ने पारंपरिक रिएक्टिव नीति की जगह अब प्रो-एक्टिव सिक्योरिटी मॉड्यूल अपनाया है। तीनों नए बेस सिलीगुड़ी कॉरिडोर के चारों ओर एक एकीकृत सुरक्षा ढांचा तैयार करते हैं। इन ठिकानों से बांग्लादेश के अंदर तक निगरानी की क्षमता बढ़ती है और खतरे की स्थिति में तेज़ प्रतिक्रिया सुनिश्चित होती है।

### राफेल, ब्रह्मोस और S-400 से पूर्वी सीमा का जमावड़ा मजबूत

भारत पहले ही इस क्षेत्र में राफेल लड़ाकू विमान, ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल,और S-400 एयर डिफेंस सिस्टम जैसी उच्च क्षमता वाली तैनाती कर चुका है। नई सैन्य संरचनाओं के जुड़ने से पूर्वी कमान की शक्ति और बढ़ेगी।

### क्षेत्रीय सुरक्षा का स्पष्ट संदेश

सैन्य विशेषज्ञों के अनुसार, इन ठिकानों का उद्देश्य किसी भी पड़ोसी देश के प्रति आक्रामक रुख नहीं बल्कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पूर्वी सीमा की सामरिक परिस्थितियों में आए बदलाव को देखते हुए भारत ने यह संदेश स्पष्ट किया है कि सिलीगुड़ी कॉरिडोर अब उसकी सबसे मजबूत रणनीतिक लाइनों में से एक बन चुका है।

# सात किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से बढ़ रहा 'दित्वा'



**एजेंसी | नई दिल्ली**

बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान 'दित्वा' लगातार उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है और अब तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों के नजदीक पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान लगभग 7 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और तट से 80 किलोमीटर दूर स्थित है। अगले 24 घंटों में इसके तटरेखा के समानांतर उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि तूफान तटीय क्षेत्रों से 60, 50 और 25 किलोमीटर के भीतर प्रभाव डाल सकता है। इस बीच, तमिलनाडु में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

### तमिलनाडु में तीन की मौत, समीपवर्ती राज्यों में अलर्ट

### कई राज्यों में भारी बारिशका अनुमान

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 30 नवंबर और 1 दिसंबर को तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश-यनम, रायलसीमा, तेलंगाना में कई जगहों पर भारी से अत्यधिक भारी बारिश संभावित है। तमिलनाडु के कुछ जिलों में रेड अलर्ट भी घोषित कर दिया गया है।

### एनडीआरएफ अलर्ट मोड पर

तूफान की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएफ की एक टीम नेल्लोर में तैनात की गई है। 30 सदस्यीय यह टीम पूरी तरह तैयार है और जिला तथा राज्य प्रशासन से लगातार समन्वय बनाए हुए है। एनडीआरएफ अधिकारियों के अनुसार अभी तक किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

### तमिलनाडु में बारिश से तीन की मौत




राज्य आपदा विभाग के अनुसार, वर्षाजनित घटनाओं में थूथुकुडी और तंजावुर में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हुई, जबकि मयिलादुथुराई में बिजली का झटका लगने से 20 वर्षीय युवक की जान चली गई। मंत्री के.के.एस.एस.आर. रामचंद्रन ने बताया कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। चक्रवात के और नजदीक आने के साथ तटीय क्षेत्रों में प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

# रायगढ़ में 300 करोड़ की कैंसरकारी सुपारी जब्त

### 11 ट्रक रैकेट का खुलासा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

सेंट्रल जीएसटी विभाग ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में इंडोनेशिया से लाई जा रही प्रतिबंधित और कैंसर पैदा करने वाली सुपारी की तस्करी का बड़ा रैकेट पकड़ा। इस कार्रवाई में अधिकारियों ने 11 ट्रकों को जब्त किया, जो मंगलुरु से कोलाड तक RORO रेलवे सेवा के जरिए भेजे गए थे। इन ट्रकों में लगभग 300 किलोग्राम सुपारी भरी हुई थी, जिसकी अनुमानित कीमत 300 करोड़ रुपये बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह खेप रायगढ़ से नागपुर भेजी जानी थी और वहां से इसे गुटखा और पान मसाला बनाने वाले नेटवर्क के जरिए बाजार में उतारा जाना था।



### छल के लिए इस्तेमाल किया गया झूठा GST सर्टिफिकेट

अधिकारियों को पता चला कि खेप के लिए इस्तेमाल किया गया GST सर्टिफिकेट मंगलुरु स्थित 'एनडी ट्रेडर्स' नामक फर्म के नाम पर था। इस फर्म का मालिक बेहद कम आय वाला व्यक्ति है, जिसकी मासिक कमाई करीब 10 हजार रुपये है। मौ के पर मिली जानकारी के अनुसार, समीर खान और कादर खान नाम के दो लोग इस तस्करी रैकेट के मास्टरमाइंड बताए जा रहे हैं। आरोप है कि ये दोनों इंडोनेशिया से सुपारी को केरल के तूतीकोरिन लाते थे, मंगलुरु में गोदामों में पॉलिश करवाकर ट्रकों में भरते और RORO रेलवे के जरिए रायगढ़ भेजते थे। वहां से सड़क मार्ग से नागपुर पहुंचाने की योजना थी।

### घटिया सुपारी से स्वास्थ्य को गंभीर खतरा

अधिकारियों के मुताबिक यह देश में घटिया सुपारी की तस्करी का पुराना तरीका है। इंडोनेशिया से सुपारी लाकर मंगलुरु के गोदामों में कैंसरकारक रसायनों से पॉलिश की जाती है और फिर पूरे देश में अवैध रूप से सप्लाई की जाती है। इससे उपभोक्ताओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बीते वर्षों में सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, CGST और अन्य एजेंसियों ने ऐसे कई तस्करी गिरोहों पर कार्रवाई की है, जिससे मामलों में कमी आई है। महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने भी खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत जांच शुरू कर दी है।

## ब्रीफ न्यूज़

### चक्रवाती तूफान 'दित्वा' ने श्रीलंका में मचाई तबाही

**कोलंबो।** हिंद महासागर में उत्पन्न शक्तिशाली चक्रवाती तूफान 'दित्वा' ने श्रीलंका में भारी तबाही मचाई है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण अब तक 330 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग लापता हैं। इस आपदा से लगभग 9,98,918 लोग प्रभावित हुए हैं और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। रविवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पूरे देश में आपातकाल की घोषणा की और अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए अपील की। श्रीलंका को तुरंत मदद पहुंचाने के लिए भारतीय वायुसेना के दो विमानों ने कोलंबो में राहत सामग्री पहुंचाई।

### नाम बदलने से ज्यादा जरूरी मानसिकता में बदलाव : CM स्टालिन

**चेन्नई।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा देशभर के राजभवनों का नाम बदलकर 'लोकभवन' और राज निवासों का नाम 'लोक निवास' करने के निर्देश के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सीएम स्टालिन ने इसे महज दिखावा करार देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने के लिए सोच और मानसिकता में बदलाव ज़रूरी है। उनका कहना है कि केवल नाम बदलने से बदलाव नहीं आता और केवल विधानसभाएं ही जनता का असली मंच हैं।

### मतदाता पंजीकरण से पहले नागरिकता जांचना आयोग का संवैधानिक अधिकार

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में नया हलफनामा दाखिल कर स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति को मतदाता सूची में शामिल करने से पहले उसकी भारतीय नागरिकता की पुष्टि करना आयोग का संवैधानिक अधिकार और जिम्मेदारी है। यह अधिकार जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में स्पष्ट रूप से निहित है। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाए रखना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए नागरिकता की जांच आवश्यक है। आयोग ने स्पष्ट किया कि केवल भारतीय नागरिक ही मतदाता बन सकते हैं, इसलिए पंजीकरण से पहले दस्तावेजों और सूचनाओं का सत्यापन करना प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है।

# ISI के इशारे पर सक्रिय था 'भट्टी' टेरर मॉड्यूल



- लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल पर था बड़ा खतरा
- दिल्ली पुलिस ने 3 आतंकी पकड़े

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI के निर्देश पर काम कर रहे एक बड़े टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। यह मॉड्यूल पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी के इशारे पर भारत में टारगेट किलिंग और ग्रेनेड हमलों की साजिश रच रहा था। जांच में सामने आया है कि मॉड्यूल का सबसे बड़ा निशाना लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई था। एडिशनल CP प्रमोद कुमार कुशवाहा के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी-हरगुनप्रीत सिंह (पंजाब), विकास प्रजापति (मध्य प्रदेश) और आरिफ (उत्तर प्रदेश)-सीधे शहज़ाद भट्टी से संपर्क में थे।इन्हीं आतंकियों ने 25 नवंबर को पंजाब के गुरदासपुर सिटी पुलिस स्टेशन के बाहर ग्रेनेड हमला किया था।

### अभी और गिरफ्तारियां होंगी, भट्टी मॉड्यूल को बड़ा झटका

स्पेशल सेल ने बताया कि इनके लिंक पंजाब से भी जुड़े हैं, जिनकी जानकारी जल्द पंजाब पुलिस को दी जाएगी। गिरफ्तार विकास के पास से एक पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस का दावा है कि यह कार्रवाई भट्टी मॉड्यूल पर एक बड़ा वार है और आगे और गिरफ्तारियां होंगी। भट्टी से मिली धमकियों और टेरर प्लानिंग के बाद अनमोल बिश्नोई की सुरक्षा चिंता का विषय बन गई है। 27 अक्टूबर को अनमोल ने कोर्ट में अर्जी देकर कहा था कि शहजाद भट्टी से उसे वास्तविक खतरा है। 28 नवंबर को NIA ने भी अदालत में इसकी पुष्टि की, और कहा कि एजेंसी के पास ऐसे इनपुट मौजूद हैं जो खतरे की पुष्टि करते हैं। अनमोल ने कोर्ट से मांग की है कि उसे पेशी के समय बुलेटप्रूफ गाड़ी में लाया जाए,बुलेटप्रूफ जैकेट दी जाए,वकीलों और परिवार की सुरक्षा की भी समीक्षा कर उचित सुरक्षा दी जाए परिवार भी लगातार तनाव में है।

## भारत ने साउथ अफ्रीका को हराया, विराट-कुलदीप और हर्षित ने रांची में दिलाई जीत

**एजेंसी | रांची**



साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बुरी तरह हारने वाली टीम इंडिया ने वनडे सीरीज में जोरदार आगाज करते हुए पहले मैच में जीत दर्ज कर ली। रांची में खेले गए पहले वनडे में टीम इंडिया ने विराट कोहली के शानदार और रिकॉर्डतोड़ शतक की मदद से 349 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके बाद हर्षित राणा के पहले ओवर और कुलदीप यादव के बीच के ओवर में किए करिश्मे से साउथ अफ्रीका को 332 रन पर रोक दिया।

### वंदे मातरम के सहारे बंगाल की राजनीति

**नई दिल्ली।** सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। सत्र के पहले ही कई मुद्दों को लेकर सरकार और विपक्ष में तकरार देखने को मिल रही है। वहीं संसद में वंदे मातरम और जय हिंद को लेकर हंगामा देखने को मिल सकता है। दरअसल, 24 नवंबर को जारी राज्यसभा सचिवालय के बुलेटिन में सांसदों से 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' जैसे नारे संसद में न लगाने को कहा गया है, अब इसे लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने भाजपा समर्थित केंद्र सरकार पर स्वतंत्रता के प्रतीकों से असहज होने का आरोप लगाया है।

### महाराष्ट्र निकाय चुनाव

# 2 दिसंबर को वोटिंग, महायुति के लिए अग्नि परीक्षा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दल पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। महायुति और महा विकास अघाड़ी के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है। यह चुनाव सत्ता में मौजूद महायुति के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं माना जा रहा, क्योंकि 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाली महायुति ने 288 में से 235 सीटें जीतकर बड़ी बढ़त हासिल की थी, जबकि महा विकास अघाड़ी पिछड़ गई थी।



### 246 म्युनिसिपल काउंसिल और 42 नगर पंचायतों के लिए होगा मतदान

राज्य में 2 दिसंबर को स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं, जिसमें 246 म्युनिसिपल काउंसिल और 42 नगर पंचायतों के लिए वोट डाले जाएंगे। यह चुनाव सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई तीन-स्तरीय प्रक्रिया का पहला चरण है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इन चुनावों का परिणाम महायुति के एक वर्ष के कार्यकाल पर जनता का मत माना जाएगा।

### 1 दिसंबर तक चलेगा चुनाव प्रचार, 3 दिसंबर को आएगा नतीजा

चुनाव प्रचार का समय 1 दिसंबर रात 10 बजे तक रखा गया है। 2 दिसंबर को मतदान होगा और 3 दिसंबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इस चुनाव में 6,859 सदस्य और 288 अध्यक्ष पदों का फैसला होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश टी. वाघमारे ने 4 नवंबर को ही चुनाव शेड्यूल जारी कर मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू कर दिया था।

### 1.07 करोड़ से ज्यादा मतदाता, 13,355 पोलिंग स्टेशन तैयार

महाराष्ट्र में इस निकाय चुनाव में 1.07 करोड़ से अधिक मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए राज्यभर में 13,355 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, हर पोलिंग बूथ पर ईवीएम का उपयोग किया जाएगा और चुनाव प्रक्रिया सुचारू रखने के लिए 66,000 से अधिक कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

### वोटिंग से पहले ही बढ़त में महायुति

सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन-भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी-का मुकाबला शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार की एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस की महा विकास अघाड़ी से है। हालांकि, चुनाव से पहले ही भाजपा ने बड़ी बढ़त लेते हुए बिना विरोध के 100 पार्षद और 3 नगर अध्यक्ष पद जीत लिए हैं। भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख रवींद्र चव्हाण ने इस सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दिया।

# अगले दो दिन मौसम के लिए चुनौतीपूर्ण, कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

### महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश ने बढ़ाई मुसीबत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

देश के दक्षिणी हिस्सों में एक बार फिर गंभीर मौसम संकट गहराने के आसार हैं। भारत मौसम विभाग (IMD) ने अगले 48 घंटों को बेहद संवेदनशील बताया है और कई राज्यों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। महाराष्ट्र में पहले ही अनियमित बारिश ने व्यापक तबाही मचाई है, ऐसे में नई चेतावनी ने चिंताएँ बढ़ा दी हैं।



इस वर्ष राज्य के अधिकांश जिलों ने मौसम की मार झेली है। बाढ़ से ग्रामीण क्षेत्रों को भारी नुकसान,कई घरों का ढह जाना,जनहानि, और खरीफ फसलों का व्यापक नुकसान जैसी घटनाओं ने संकट को और गहरा किया है। लगातार बदलते मौसम के कारण किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं।

### किन राज्यों में बारिश का सबसे अधिक खतरा

साइक्लोन दितवाह की सक्रियता के कारण दक्षिण भारत के कई हिस्सों में मौसम बेहद खराब रहने की आशंका है। अगले दो दिनों में इन राज्यों में भारी बारिश हो सकती है- केरल,तमिलनाडु,कर्नाटक,आंध्र प्रदेश,तेलंगाना,पुडुचेरी,अंडमान और निकोबार स्थानीय प्रशासन को आपदा प्रबंधन दलों को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। साइक्लोन दितवाह ने श्रीलंका में गहरी तबाही मचाई है।

न्यूज़ ब्रीफ

## स्काउट-गाइड कैंप' के बाद लखनऊ में फंसे ठाणे के 16 छात्र आज लौटेंगे

**ठाणे।** ठाणे के एक स्कूल के 16 छात्र 'स्काउट्स एवं गाइड्स' शिविर के बाद वापसी की यात्रा के लिए अपनी ट्रेन छूट जाने के कारण उत्तर प्रदेश के लखनऊ में फंस गए। छात्र शुक्रवार से ही उत्तर प्रदेश की राजधानी में फंसे हुए थे और बस खराब हो जाने के कारण उसमें सवार होकर लौटने के उनके प्रयास भी विफल हो गए। एक अभिभावक ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की ठाणे इकाई को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पार्टी विधायक जितेंद्र अव्हाड और वरिष्ठ नेता मनोज प्रधान ने किसी तरह उनके लिए मुंबई जाने वाली उड़ान की टिकट बुक करा दी। अव्हाड के कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वे आज दोपहर मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे।

## 'ऑपरेशन लोटस' सक्रिय, मनसे को बड़ा नुकसान

**कल्याण।** महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। प्रचार समाप्त होते ही भारतीय जनता पार्टी ने 'ऑपरेशन लोटस' की रफ्तार बढ़ा दी है। इसी क्रम में मनसे प्रमुख राज ठाकरे को उस समय बड़ा झटका लगा, जब डोंबिवली के मनसे जिला अध्यक्ष प्रकाश भोईर भाजपा में शामिल हो गए। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की मौजूदगी में प्रकाश भोईर ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



डोंबिवली क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ को देखते हुए इस कदम को मनसे के लिए बड़ा राजनीतिक नुकसान माना जा रहा है, खासकर तब जब मनसे और शिवसेना (यूबीटी) के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। कार्यक्रम डोंबिवली वेस्ट के उमेश नगर मैदान में आयोजित किया गया। प्रकाश भोईर की पत्नी सरोज भोईर सहित कई प्रमुख स्थानीय नेता और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ली। शामिल होने के बाद भोईर ने मनसे पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पार्टी में अब सक्रिय कार्यकर्ता नहीं बचे हैं और संगठन कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने उन्हें मजबूत समर्थन और संसाधन उपलब्ध कराए, जिससे उन्होंने पार्टी बदलने का निर्णय लिया। मनसे के लिए यह कदम बेहद महत्वपूर्ण समय पर आया है। अभी हाल ही में राजू पाटिल और वरुण सरदेसाई के बीच कल्याण-डोंबिवली में सीट शेयरिंग पर चर्चा चल रही थी। लेकिन प्रकाश भोईर के भाजपा में शामिल होने से ये समीकरण बदलते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय राजनीतिकदलों का मानना है कि भोईर के प्रभाव वाले वार्डों में यह कदम मनसे को नुकसान पहुंचा सकता है और भाजपा की स्थिति और मजबूत हो सकती है।

# मोदी सरकार व्यवसाय पूंजीपतियों के हवाले करना चाहती है : गांगुली

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम बंगाल स्ट्रीट वेंडर्स फेडरेशन के महासचिव कॉ. आशुतुंगा गांगुली ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार देशभर के फेरीवालों को सड़क से हटाकर उनके व्यवसाय को बड़े पूंजीपतियों के हवाले करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इसी कारण 'फेरीवाला कानून 2014' को लागू नहीं किया जा रहा है। कॉ. गांगुली ने फेरीवालों से इस कानून के लिए संघर्ष तेज करने की अपील की। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड युनियन्स (CITU) के 17वें महाराष्ट्र राज्य अधिवेशन के उपलक्ष्य में सिटू संलग्न जनवादी हॉकर्स सभा की ओर से रविवार को टोपीवाला महापालिका स्कूल, मालाड पूर्व में सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का मुख्य विषय फेरीवालों की समस्याएँ, उनके संघर्ष और फेरीवाला कानून 2014 की अमल की स्थिति थी। सेमिनार में वरिष्ठ वकील गायत्री सिंह और पश्चिम बंगाल स्ट्रीट वेंडर्स फेडरेशन के महासचिव कॉ. आशुतुंगा गांगुली मुख्य वक्ता थे। मुंबई के विभिन्न इलाकों जैसे कुरार, दफ्तरी रोड, गोरेगांव, अंधेरी, बोरिवली और मीरा-भाईंदर से बड़ी संख्या में फेरीवालों ने इसमें भाग लिया।

### फेरीवालों के संघर्ष और कानून पर चर्चा



कॉ. गांगुली ने कोलकाता और पश्चिम बंगाल में फेरीवालों के संघर्ष की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार फेरीवाला कानून 2014 को लागू करने का केवल ढोंग कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'स्मार्ट सिटी' योजना के नाम पर फेरीवालों को निशाना बनाया जा रहा है। गांगुली ने कहा कि कानून को मंजूरी मिले 11 साल बीत जाने के बाद भी केवल 20% नगर निगमों में ही फेरीवाला समितियाँ बनी हैं, जबकि अधिकांश फेरीवालों पर कार्रवाई जारी है। वरिष्ठ वकील गायत्री सिंह ने फेरीवाला कानून 2014 के प्रावधानों और लागू करने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने फेरीवालों के सर्वेक्षण, प्रमाणपत्र और मुंबई उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों की जानकारी भी साझा की।

### सेमिनार का आयोजन और समापन

सेमिनार की अध्यक्षता CITU मुंबई जिला अध्यक्ष कॉ. के. नारायणन ने की। मंच पर उपस्थित थे : कॉ. कैलासभगत, कॉ. कल्पनाथभगत, कॉ. जमूनागुप्ता, कॉ. हरिचरणचौहानऔरकॉ. राजेशआर्य। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉ. राजेश आर्य, कॉ. जमूना गुप्ता, कॉ. कल्पनाथ भगत, कॉ. कैलास भगत, कॉ. रमेश अवधूगुप्ता, कॉ. उमेशगुप्ता, कॉ. श्रवणजायसवाल, कॉ. प्रमोद गुप्ता और कॉ. रविंद्र अवघडे ने योगदान दिया।

# मतदाता सूची में जय ठाकुर बने 'खान'

### कांग्रेस ने आरोप लगाया-यह 'चुनाव जिहाद'

डीबीडी संवाददाता । भाईंदर

मीरा-भाईंदर में मतदाता सूची की गड़बड़ियों का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। शहर कांग्रेस के प्रवक्ता जय ठाकुर के नाम, धर्म और उम्र में गंभीर गलती सामने आई है। फोटो उनका ही है, लेकिन मतदाता सूची में उनका नाम 'इब्राहिम युसूफ खान' दर्ज कर दिया गया है। इसके साथ ही 42 वर्षीय ठाकुर की उम्र बढ़ाकर 52 वर्ष लिख दी गई है। इसके बाद शहर कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।



### कांग्रेस का आरोप-भाजपा का 'चुनाव जिहाद'

प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि मतदाता सूची में लगातार हो रही गलतियाँ भाजपा का "चुनाव जिहाद" हैं। उन्होंने बताया कि गत विधानसभा चुनाव के दौरान प्रभाग क्रमांक 9 में क्रमांक 275, 278 और 280 के मतदाता पूरी तरह गायब हैं, जबकि क्रमांक 244 में मात्र 121 नाम दर्ज हैं, जबकि वास्तविक संख्या 1403 होनी चाहिए। हुसैन ने कहा कि ऐसी कई त्रुटियाँ सामने आने के बाद कांग्रेस न्याय के लिए अदालत का दरवाज़ा भी खटखटा सकती है। उन्होंने मांग की कि मनपा चुनाव से पहले आयोग सभी गलतियों को तत्काल सुधार करे।

### शिकायतकर्ता जय ठाकुर ने जताया रोष

जय ठाकुर ने कहा कि मतदाता सूची में उनके नाम और धर्म में की गई गड़बड़ी के कारण उनके मित्र और रिश्तेदार लगातार पूछ रहे हैं कि क्या उन्होंने धर्मांतरण कर लिया है। उन्होंने बताया कि वह लगातार सफाई देते-देते थक चुके हैं, इसलिए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया कि यह त्रुटि चुनाव आयोग की ओर से हुई है। ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा में चुनाव आयोग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए पारदर्शिता तथा जवाबदेही आवश्यक है।

# ठाणे पूर्व में यातायात अनुशासन मुहिम नवंबर में 200 वाहनों पर कार्रवाई

### कोपरी में नो-पार्किंग और लावारिस वाहनों के खिलाफ सख्ती

**ठाणे।** ठाणे के पूर्वी उपनगर कोपरी में ट्रैफिक अव्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक विभाग की ओर से चलाई जा रही विशेष मुहिम का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। नवंबर महीने में कोपरी ट्रैफिक ब्रांच ने नो-पार्किंग, लावारिस और ट्रैफिक बाधित करने वाले वाहनों पर कुल 200 मामलों में कार्रवाई की है।

ट्रैफिक ब्रांच ने लोगों की शिकायतों को देखते हुए एक विशेष मोबाइल हेल्पलाइन शुरू की है। नागरिक यदि किसी गलत तरीके से पार्क की गई वाहन की तस्वीर इस नंबर पर भेजते हैं, तो ट्रैफिक पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करती है। स्थानीय लोगों ने इसकी सराहना की है और कहा कि अब 'कोपरी में कोई कार्रवाई नहीं होती' जैसी शिकायतें खत्म होती दिख रही हैं।




### पुलिस नेतृत्व की पहल, लोगों ने दिया सकारात्मक समर्थन

कोपरी ट्रैफिक ब्रांच के पुलिस निरीक्षक दिलीप पाटील ने बताया कि पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे और ट्रैफिक ब्रांच के सहायक पुलिस आयुक्त पंकज सिरसाठ के मार्गदर्शन में यह मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने कहा, 'इस पहल से कोपरी में यातायात अनुशासन वापस आ रहा है। नवंबर में 200 गाड़ियों पर कार्रवाई की गई है और लोगों की भागीदारी बेहद सराहनीय है।'

### लोगों की सहभागिता सबसे बड़ा आधार: एसीपी पंकज सिरसाठ

ठाणे ट्रैफिक विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त पंकज सिरसाठ ने कहा,'ट्रैफिक अनुशासन बनाए रखने में जनता की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। जैसे ही कोई शिकायत मिलती है, टीम तुरंत कार्रवाई करती है। कोपरी में सुचारू और सुरक्षित यातायात बनाए रखना ही हमारा लक्ष्य है।' 7039003866, 8655654176 इन नंबरों पर नागरिक गलत तरीके से पार्क वाहन, लावारिस वाहन या ट्रैफिक ब्लॉकेज की जानकारी या तस्वीर भेज सकते हैं।

# टीएमसी की बकाया पानी बिल पर 100% पेनल्टी मुक्त स्कीम लागू




**ठाणे।** ठाणे मनपा आयुक्त एवं प्रशासक सौरभ राव ने बताया कि घरेलू उपयोग के बकाया पानी बिल को यदि चालू वर्ष की डिमांड के साथ एकमुश्त भर दिया जाता है, तो उस पर लगने वाले एडमिनिस्ट्रेटिव चार्ज (पेनल्टी/इंटरेस्ट) में 100% छूट दी जाएगी। यह राहत स्कीम नागरिकों को आर्थिक मदद प्रदान करेगी। आयुक्त ने ठाणेवासियों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने पानी बिल की वसूली के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। मनपा ने स्पष्ट किया है कि जो उपभोक्ता बिल समय पर जमा नहीं करेंगे, उनके पानी के कनेक्शन काटे जा सकते हैं।कमिश्नर राव ने नागरिकों से अपील की कि वे सहयोग करते हुए अपने बकाया बिल समय पर अदा करें।

### स्कीम की अवधि : 1 दिसंबर 2025 से 31 मार्च 2026

यह पेनल्टी माफी योजना 1 दिसंबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक मान्य है। नागरिक इस अवधि में बकाया और चालू दोनों पानी बिल भरकर पेनल्टी/ब्याज में पूर्ण छूट का लाभ उठा सकते हैं।

यह स्कीम निम्न पर लागू नहीं होगी: वे घरेलू उपभोक्ता जिन्होंने फैसले से पहले ही अपने बिल जमा कर दिए हैं। कमर्शियल कनेक्शन धारक (व्यावसायिक उपभोक्ता)। आयुक्त राव ने कहा कि जिन पानी उपभोक्ताओं का बकाया 31 मार्च 2026 तक भी लंबित रहेगा, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

इसमें शामिल होगा :पानी कनेक्शन काटना,मीटर रूम सील करना ।पंप जब्त करना। आयुक्त ने सुझाव दिया कि स्कीम की जानकारी वार्ड स्तर पर इन्फॉर्मेशन बोर्ड लगाकर व्यापक रूप से दी जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ ले सकें।

# सोनिया-राहुल के खिलाफ FIR पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया,राजनीति का आरोप बेबुनियाद: आठवले

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि यह कार्रवाई केवल जांच एजेंसियों की रिपोर्ट पर आधारित है और इसमें किसी तरह की राजनीति शामिल नहीं है। आठवले ने संवाददाताओं से कहा कि नेशनल हेराल्ड लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ा रहा है और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर कई बार सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा,'प्रवर्तन निदेशालय और अन्य एजेंसियों ने अपने स्तर पर जांच की थी। उन्हीं निष्कर्षों के आधार पर यह FIR दर्ज की गई है। इसमें केंद्र सरकार की कोई भूमिका नहीं है।'



### कानूनी रास्ता अपनाएं

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर राहुल गांधी या कांग्रेस को FIR पर आपत्ति है, तो वे अदालत में अपनी दलील रख सकते हैं। उन्होंने कहा,'जांच एजेंसियां अपना नियमित काम कर रही हैं। अगर आरोप गलत हैं, तो न्यायपालिका के समक्ष इसे चुनौती दें। इसे राजनीति से जोड़ना उचित नहीं है।'

### ईडी की शिकायत पर दर्ज हुई FIR

दिल्ली पुलिस ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ यह प्राथमिकी प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत के आधार पर दर्ज की है। ईडी ने इसे अपने चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग जांच का हिस्सा बताया है। आठवले ने कहा कि मामला पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है और इसे राजनीतिक रंग देना गलत होगा।

# नशे में कार चलाने वाला युवक रेस्तरां के पार्किंग काउंटर से टकराया, एक की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब नशे में धुत एक कार चालक ने अपनी गाड़ी रेस्तरां के पार्किंग काउंटर में घुसा दी। टक्कर में वहां ड्यूटी पर तैनात वैलेट सहायक की मौत हो गई। यह घटना कल्याणी नगर क्षेत्र में शनिवार देर रात हुई। यरवदा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए वैलेट सहायक सत्येंद्र मंडल को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



पुलिस ने कार चालक को मौके से हिरासत में ले लिया है। अधिकारी के अनुसार, चालक के शराब के नशे में होने की आशंका पर उसकी मेडिकल जांच कराई जा रही है। पुलिस ने कहा कि घटना के संबंध में आवश्यक धाराओं के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

# काला तालाब में मिला 30 वर्षीय युवक का शव

**कल्याण।** रविवार को कल्याण शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। चिकनघर निवासी 30 वर्षीय प्रदीप किसन भोईर का शव काला तालाब झील से बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, प्रदीप ने कथित तौर पर झील में कूदकर आत्महत्या की। उनकी मौत की जानकारी उनके भाई को सोशल मीडिया मैसेज के जरिए हुई, जिसके बाद मामला सामने आया।



### सोशल मीडिया मैसेज से खुला मौत का राज

पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात प्रदीप के भाई को उसके मोबाइल पर एक मैसेज मिला। मैसेज पढ़ते ही उन्हें अंदेशा हुआ कि प्रदीप ने आत्महत्या कर ली है। घबराकर उन्होंने तुरंत पुलिस से संपर्क किया और जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रदीप की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की। जांच के दौरान उनका मोबाइल फोन काला तालाब क्षेत्र में मिला। इसके बाद पुलिस और बचाव दल ने आसपास की खोजबीन की और अंततः झील से प्रदीप का शव बरामद किया।

पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि अभी तक प्रदीप द्वारा यह कठोर कदम उठाने का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजह का पता लगाया जा सके।

# विरार को नई सांस्कृतिक पहचान: 'विरार के द्वारकाधीश' धाम का लोकार्पण

**विरार।** वसई-विरार क्षेत्र के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, क्षेत्र के लोकप्रिय नेता भाई हितेंद्र ठाकुर द्वारा निर्मित भव्य "विरार का द्वारकाधीश" धाम का लोकार्पण किया गया। आधुनिक शिल्पकला और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था से सुसज्जित यह नया मंदिर परिसर विरार की पहचान को एक नई दिशा देने जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में पहली बार द्वारकाधीश भगवान का इतना विशाल और दिव्य स्वरूप स्थापित किया गया है। परिसर को इस तरह तैयार किया गया है कि आने वाले दिनों में यह विरार का नया आध्यात्मिक और पर्यटन केंद्र बन सकता है।



लोकार्पण समारोह के दौरान भाई हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि यह धाम विरारवासियों की आस्था, संस्कृति और परंपरा को समर्पित है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का यह एक निरंतर प्रयास है। मंदिर के खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है, और सोशल मीडिया पर भी "विरार का द्वारकाधीश" बड़ी तेजी से चर्चा में है। स्थानीय लोग इसे विरार की नई शान के रूप में देख रहे हैं।

सैन्य-नागरिक तालमेल पर चर्चा

# जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डीएस कुशवाह की महाराष्ट्र-गुजरात के राज्यपाल से मुलाकात

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा सब-एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (GOC) लेफ्टिनेंट जनरल डीएस कुशवाह ने रविवार को महाराष्ट्र और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से औपचारिक मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य सशस्त्र बल और राज्य प्रशासन के बीच चल रहे सहयोग की समीक्षा और उसे और अधिक प्रभावी बनाना था। यह जानकारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में दी गई है। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने बाढ़ राहत कार्यों, आपात स्थितियों में सेना की भूमिका,और संवेदनशील इलाकों की सुरक्षा को और मजबूत करने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की। राज्यपाल और लेफ्टिनेंट जनरल कुशवाह ने इस बात पर सहमति जताई कि सैन्य-नागरिक समन्वय को और सुदृढ़ बनाना, क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए बेहद जरूरी है।



### पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के कल्याण पर फोकस

विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अलावा-योजनाओं की आसान पहुंच,सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता और नई पहलों की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई, ताकि कल्याण कार्यक्रम अधिक प्रभावी और उपयोगी बन सकें।

# बीएमसी मुंबई पब्लिक स्कूल 'मंडपेश्वर' की नई इमारत का पीयूष गोयल ने किया हस्तांतरण

## छात्राओं के लिए 'सेनेटरी नैपकिन वितरण अभियान' की भी शुरुआत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के आर-उत्तर विभाग अंतर्गत बोरीवली (पश्चिम) स्थित मंडपेश्वर मुंबई पब्लिक स्कूल की नई शैक्षणिक इमारत का हस्तांतरण शनिवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के हाथों किया गया। इसी कार्यक्रम में महानगरपालिका स्कूलों की छात्राओं के लिए सेनेटरी नैपकिन वितरण अभियान का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में विधायक मनीषा चौधरी, बीएमसी के उप आयुक्त (परिमंडल-7) संजय कुरहाड़े, उप आयुक्त (शिक्षा) डॉ. प्राची जांभेकर, आर-उत्तर विभाग के सहायक आयुक्त नयनीश वेंगुर्लेकर, शिक्षा अधिकारी सुजाता खरे, स्थानीय नागरिक, शिक्षक तथा छात्र उपस्थित थे।



### 60 हजार से अधिक छात्राओं को मिलेगा लाभ

विधायक मनीषा चौधरी ने बताया कि बीएमसी स्कूलों में शुरू की गई सेनेटरी नैपकिन योजना का लाभ शहर की लगभग 60,000 लड़कियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि नई इमारत के मिलने से गणपत पाटिल नगर के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक बेहतर पहुंच मिलेगी।

### कक्षा 6 से 10 तक की छात्राओं को नियमित वितरण

उप आयुक्त (शिक्षा) डॉ. प्राची जांभेकर ने बताया कि शहर साधन केंद्र की मदद से बीएमसी स्कूलों की कक्षा 6 से 10 की छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन नियमित रूप से वितरित किए जाएंगे। उन्होंने याद दिलाया कि 12 मार्च 2025 को कांदिवली स्थित बीएमसी स्कूल में केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में इस पहल की शुरुआत हुई थी। उनकी ही सलाह पर अब इस योजना को मुंबई की सभी स्कूलों तक विस्तारित किया गया है। उन्होंने कहा,'नई भवन में स्मार्ट क्लासरूम सहित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। बीएमसी की पूरी कोशिश है कि मुंबई की कोई भी लड़की शिक्षा से वंचित न रहे।'

### नई इमारत की विशेषताएं

मंडपेश्वर मुंबई पब्लिक स्कूल की नवीन इमारत भूतल + 4 मंजिलों की संरचना में तैयार की गई है। इसमें कुल 15 कक्षाएँ, मुख्याध्यापक कार्यालय ,शिक्षक कक्ष पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, एक्टिविटी रूम, उद्यान और परसबाग तथा एक सभा कक्ष (ऑडिटोरियम) शामिल है। बोरीवली के गणपत पाटिल नगर और आई.सी. कॉलोनी के विद्यार्थियों के लिए यह स्कूल घर के निकट होने से अभिभावकों ने संतोष व्यक्त किया है।

### हर क्षेत्र में लड़कियां आगे, उन्हें अवसर देना हमारी जिम्मेदारी

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि बीएमसी का शिक्षा विभाग मुंबई पब्लिक स्कूलों के माध्यम से बच्चों के विकास के लिए निरंतर नए और प्रभावी कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा,'महानगरपालिका द्वारा छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय कदम है। इससे लड़कियों में सकारात्मक सोच का विकास होगा। आज प्रत्येक क्षेत्र में बेटियां उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। ये बेटियां ही देश का भविष्य और अर्थव्यवस्था दोनों को आगे बढ़ाएंगी।' गोयल ने निर्देश दिया कि मुंबई की कोई भी छात्रा इस योजना से वंचित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# नकली टिकटों पर यात्रा करने वालों के खिलाफ मध्य रेल की कड़ी कार्रवाई

## एसी लोकल में मिले 3 फर्जी यूटीएस टिकट

## आरोपियों पर एफआईआर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल ने नकली टिकटों पर यात्रा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए 28 नवंबर 2025 को एसी लोकल में तीन यात्रियों को फर्जी यूटीएस जनरेटेड सीज़न टिकटों के साथ पकड़ा। मुंबई मंडल के टिकट निरीक्षक प्रशांत कांबले की सतर्कता से यह मामला उजागर हुआ। 18.45 परेल–कल्याण एसी लोकल में नियमित जांच के दौरान टिकट निरीक्षक प्रशांत कांबले, अन्य टीटीई और आरपीएफ टीम ने एक युवती और दो युवकों को टिकट दिखाने के लिए कहा। यात्रियों ने टिकट मोबाइल फ़ोन के My Files Documents फ़ोल्डर से खोले, जिस पर निरीक्षक को संदेह हुआ। जब उनसे टिकटों को यूटीएस ऐप में खोलकर दिखाने के लिए कहा गया, तो वे नहीं खुले।



### तीनों टिकटों का नंबर एक जैसा—फर्जी होने की पुष्टि

बारीकी से जांच करने पर पता चला कि तीनों टिकटों का यूटीएस नंबर XOO-JHN4569 एक ही था, जबकि प्रत्येक यूटीएस टिकट का नंबर अलग होता है। मोबाइल नंबर वेरिफिकेशन के बाद यह भी पुष्टि हुई कि यात्रियों के नंबरों से कोई टिकट जारी नहीं किया गया था। तदुपरांत, तीनों यात्रियों-नीरज तलरेजा, अथर्व बाग और अदिति मंगलुरकर को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी कुर्ला के हवाले कर दिया गया। जांच में यह खुलासा हुआ कि फर्जी टिकट AI टूल्स की मदद से तैयार किए गए थे।तीनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS 2023) की धारा 318/2, 336/3, 336/4, 340(1), 340(2) और 3/5 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### टिकट निरीक्षक की सतर्कता से रैकेट का पर्दाफाश

मध्य रेल ने प्रशांत कांबले की सतर्कता और तीक्ष्ण सोच की सराहना की है, जिसने एक और फर्जी टिकटिंग रैकेट का पर्दाफाश किया। मामले की जांच जारी है। मध्य रेल ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल वैध टिकटों के साथ ही यात्रा करें। यात्री अधिकृत बुकिंग काउंटर, एटीवीएम या मोबाइल यूटीएस ऐप के माध्यम से टिकट प्राप्त कर सकते हैं। रेलवे ने चेतावनी दी है कि फर्जी टिकट बनाना या ऐसे टिकटों पर यात्रा करना गंभीर अपराध है, जिसके लिए भारतीय न्याय संहिता के तहत जुर्माना और 7 वर्ष तक का कारावास हो सकता है।

# शिवड़ी में दिव्यांग उत्तर भारतीय युवक की पिटाई

## ठाकरे गुट पर आरोप

## छठ पूजा में शामिल होने पर हमला करने का आरोप

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे जहां बीएमसी चुनाव से पहले मराठी, गैर-मराठी और अल्पसंख्यक समुदायों को साथ लेकर चलने की बात कर रहे हैं, वहीं पार्टी के शिवड़ी क्षेत्र में इससे उलटी तस्वीर सामने आई है। शिवड़ी विधानसभा क्षेत्र में ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं पर एक दिव्यांग उत्तर भारतीय युवक की पिटाई का आरोप लगा है, जिससे क्षेत्र में तनाव फैल गया है। आरोप है कि युवक को इसलिए मारा गया क्योंकि वह कुछ दिनों पहले भाजपा द्वारा आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल हुआ था।

पीड़ित युवक का नाम परम यादव है। वह दिव्यांग है और केईएम अस्पताल के पास फुटपाथ पर अपनी विशेष साइकिल पर दुकान लगाकर जीवनयापन करता है।चौंकाने वाली बात यह है कि यह विशेष साइकिल उसे खुद सचिन पडवल ने दिलाई थी। परम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि पडवल और उनके समर्थक उसकी जान के दुश्मन बन गए हैं। सोशल मीडिया पर उसका दर्द बयां करता वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में उत्तर भारतीयों में दहशत फैल गई है।

### शिवड़ी-किदवई नगर-कालाचौकी में तनाव, लोग दूरी बना रहे



वार्ड नंबर 206 की यह घटना अब पूरे शिवड़ी, किदवई नगर और कालाचौकी में चर्चा का विषय बन गई है। स्थानीय लोगों में डर का माहौल है और कई उत्तर भारतीय परिवारों ने ठाकरे गुट से दूरी बना ली है। शिकायत के अनुसार, ठाकरे गुट के पूर्व नगरसेवक सचिन पडवल के समर्थकों ने युवक को न सिर्फ पीटा, बल्कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप है कि उस पर दबाव डाला गया कि आने वाले बीएमसी चुनाव में सिर्फ ठाकरे गुट के उम्मीदवार को ही समर्थन करना होगा, अन्यथा 'ट्रक के नीचे कुचलकर मार देने' की धमकी दी गई।

### पुलिस में शिकायत दर्ज, आरोपी पर गंभीर आरोप

परम ने बताया मैं अपने समुदाय की छठ पूजा में शामिल हुआ था। उस बात पर पडवल के समर्थक नितिन गावड़े ने मेरे साथ गाली–गलौज की और मारपीट की। मुझे ट्रक से कुचलकर मार देने की धमकी दी गई है। मेरा पूरा परिवार डरा हुआ है। बीएमसी चुनाव में पडवल को समर्थन नहीं दिया तो हमारी जान खतरे में है।'परम का स्पष्ट कहना है कि यदि भविष्य में मेरे साथ कुछ भी होता है, तो उसके लिए पडवल और उनके लोग जिम्मेदार होंगे। घटना के संबंध में सचिन पडवल से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

# अजित पवार को बड़ा झटका !

## एनसीपी छोड़ सकती हैं रूपाली ठोंबरे


## शिंदे शिवसेना में जाने की अटकलों से राजनीतिक हलचल तेज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारी के बीच डिप्टी सीएम अजित पवार के लिए एक और मुश्किल खड़ी हो सकती है। बेटे पार्थ की विवादित लैंड डील और 'वोट नहीं दिया तो फंड नहीं मिलेगा' वाले बयान को लेकर पहले ही घिरी एनसीपी (एपी) को अब बड़ा राजनीतिक झटका लगने की आशंका है। पार्टी की नाराज नेता रूपाली ठोंबरे ने अब एनसीपी का साथ छोड़ने का मन बना लिया है। उनकी हालिया मुलाकात मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और कल्याण के सांसद श्रीकांत शिंदे से हुई, जिसके बाद राजनीतिक गलियारे में हलचल तेज है। माना जा रहा है कि रूपाली जल्द ही शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल हो सकती हैं। रूपाली ठोंबरे अब तक एनसीपी (एपी) की प्रदेश प्रवक्ता थीं। सतारा की डॉक्टर संपदा मुंडे की संदिग्ध आत्महत्या के मामले में राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रूपाली चाकणकर पर निशाना साधने के बाद पार्टी ने ठोंबरे के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बाद अजित पवार से मुलाकात के तुरंत बाद उन्हें प्रवक्ता पद से हटा दिया गया था, जिससे उनकी नाराजगी बढ़ गई थी।

### डॉ. संपदा मुंडे की मौत पर बवाल





अक्टूबर 2025 में डॉक्टर संपदा मुंडे की बलात्कार और उत्पीड़न के बाद कथित आत्महत्या ने पूरे महाराष्ट्र में महिला सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए थे। इस केस के राजनीतिक पहलू भी तेजी से उभरे। राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और न्याय दिलाने का वादा किया। इसी मामले पर ठोंबरे की बयानबाजी के बाद उनके खिलाफ पार्टी में कार्रवाई शुरू हुई और उन्हें किनारे कर दिया गया। निकाय चुनावों की सरगर्मी के बीच रूपाली ठोंबरे की अचानक श्रीकांत शिंदे से मुलाकात ने सियासी तापमान और बढ़ा दिया है। मुलाकात के दौरान उनके साथ कांग्रेस की संगीता तिवारी और शिवसेना (शिंदे) की शर्मिष्ठा येवले भी मौजूद थीं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि ठोंबरे जल्द ही शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो सकती हैं।

### फायरब्रांड और तेजतर्रार नेता के रूप में पहचान

रूपाली ठोंबरे पाटिल अपनी आक्रामक शैली और बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। वे पूर्व में पुणे महानगरपालिका की पार्षद रह चुकी हैं। दिसंबर 2021 में उन्होंने राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना छोड़कर एनसीपी जॉइन की थी। वे राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल खिलाड़ी भी रह चुकी हैं और पेशे से एडवोकेट हैं।

# मारपीट के जुर्म में नितिन देशमुख गिरफ्तार



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के पवई इलाके में स्थित हीरानंदानी गार्डेन्स हाउसिंग सोसाइटी में मारपीट करने के जुर्म में पुलिस ने रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) पार्टी के नेता नितिन देशमुख को गिरफ्तार किया है। इस मामले की छानबीन जारी है।

घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि हीरानंदानी गार्डेन्स हाउसिंग सोसाइटी के सचिव नीलेश मयेकर (53) ने नितिन देशमुख के विरुद्ध मारपीट की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि 27 नवंबर को हीरानंदानी बिल्डर्स की एक टीम एक रीसाइक्लिंग प्रोजेक्ट के लिए सोसाइटी में आई थी। उसी समय अचानक देशमुख आए और उन्होंने पूछा कि पुराने सुरक्षारक्षक को क्यों हटा दिया? इस पर मयेकर ने कहा कि इस विषय पर बाद में बात करेंगे। बस इतनी बात पर देशमुख ने मयेकर की पिटाई कर दी। इसके बाद देशमुख ने बाहर से लोगों को बुलाकर मारपीट की। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस शिकायत की छानबीन करने के बाद रविवार को देशमुख के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की छानबीन जारी है।

# हिंद की चादर पर नागपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ होंगे शामिल



**मुंबई।** महाराष्ट्र में 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहब की 350वीं शहादत की सालगिरह के मौके पर पूरे राज्य में जागरूकता फैलाने वाले कई कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत 7 दिसंबर 2025 को नागपुर में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। इंडियन पोस्टल डिपार्टमेंट के ज़रिए यादगार के तौर पर श्री गुरु तेग बहादुर साहब की तस्वीर वाला एक पोस्टेज स्टैम्प जारी करने का फैसला किया गया है। नागपुर के नारा स्थित सुरेश चंद्र सूरी ग्राउंड में 7 दिसंबर को एक प्रोग्राम रखा गया है। प्रोग्राम की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए हाल ही में मुंबई में स्टेट लेवल एग्जीबिशन कमेटी की मीटिंग हुई।

ऑलराउंडर स्टाफ चाहिए:
होटल मधुरम फूड्स ,& Kitchen कांदिवली वेस्ट मुंबई,
कुक, हेल्पर, डिलीवरी बॉय।
रहना-खाना फ्री।
वेतन योग्यता अनुसार।
add-
Bhumipark Jankalyan Nagar
Malad west
संपर्क:
8433650469 / 7208888007

# शेयर ब्रोकर का अपहरण

## 10 लाख की फिरौती मांगने वाले गैंग गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के खार पुलिस ने एक तेज़ कार्रवाई में बांद्रा स्थित बार से मीरा रोड निवासी शेयर ब्रोकर का अपहरण कर उससे 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे सुरक्षित बचा लिया।

पुलिस ने मुख्य आरोपी विजू मणिकम स्वामी उर्फ तम्मी अन्ना (45), उसकी बहन जया, जीजा सुहास रघुनाथ बागवे (49), भतीजा प्रियांशु बागवे (22) और ड्राइवर प्रशांत भाऊसाहेब जाधव (37) को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी अंधेरी और विले पार्ले इलाके के निवासी बताए जा रहे हैं।

### अपहरण की पूरी घटना

शेयर ब्रोकर पीड़ित अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ मीरा रोड में रहता है। वह बांद्रा के पाली नाका स्थित जनता बार गया था, जहां चार–पांच लोगों ने उसे जबरन कार में डालकर अगवा कर लिया। आरोपियों ने उसे विले पार्ले (पश्चिम) के एक घर में बंद कर बेरहमी से पीटा और 10 लाख रुपये की फिरौती की मांग की।

अपहरण के दौरान आरोपियों ने पीड़ित से 1.85 लाख रुपये नकद, एक महंगा आईफोन और लगभग 35,000 रुपये की घड़ी भी छीन ली। पीड़ित की पत्नी जब उससे संपर्क नहीं कर पाई, तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। खार पुलिस ने लोकेशन ट्रैकिंग और तकनीकी मदद से आरोपियों की तलाश की और कुछ ही घंटों में पीड़ित को सुरक्षित बचा लिया। पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। प्राथमिक जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी तम्मी अन्ना पहले से आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या यह घटना पूर्व योजना के तहत की गई धन उगाही थी या पीड़ित को पहले से निशाना बनाया गया। खार पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और आरोपियों के अन्य आपराधिक संबंधों की भी छानबीन की जा रही है।



# महिला के साथ बंदूक की नोक पर उत्पीड़न

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला को बंदूक की नोक पर धमकाकर यौन उत्पीड़न की कोशिश की गई और उसे वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी दी गई। यह घटना एक प्राइवेट कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर जॉय जॉन पास्कल पोस्ट और अन्य अधिकारियों से जुड़ी बताई जा रही है। 51 वर्षीय महिला को प्राइवेट कंपनी में बुलाया गया। वहां आरोपी ने महिला के कपड़े उतारकर उसके साथ छेड़छाड़ की और गाली-गलौज की। साथ ही आरोपी ने महिला को धमकाया कि उसके वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए जाएंगे।



पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत तुरंत मुंबई पुलिस में दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जॉय जॉन पास्कल पोस्ट समेत कुल छह लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की। मुंबई पुलिस ने मामले में भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 354A, 354B, 326, 509, 506 और सूचना प्रौद्योगिकी (IT) एक्ट की धारा 66A के तहत FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं और पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण

### ई-निविदा सुचना क्र. १०/२५-२६

महापालिकेच्या शवविच्छेदनगृहाकरीता कामगार उपलब्ध होणेकामी बाहयसंस्थेची नियुक्ती करणेकरीता ई निवीदा मागविणेत येत आहे.

| ई निविदा क्र. | तपशील | कोरे फॉर्म फी रूपये + जीएसटी १८% | अनामत रक्कम रूपये | कोरे फॉर्म विक्रिची तारीख | निविदा स्विकृतीचा अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| १० | महापालिकेच्या रुग्णालयांसाठी रुग्णवाहिका चालक उपलब्ध होणेकामी बाहयसंस्थेची नियुक्ती करणेकरीता ई निवीदा मागविणेत येत आहे. | २८,५००/- + ५१३०/-= ३३,६३०/- | रू.५,६१,०९७/- | दि. ०१/१२/२०२५ ते दि.२२/१२/२०२५ | दि.२२/१२/२०२५ दु.२.०० वाजेपर्यंत. |

१. निविदा फॉर्म Website http:// mahatenders.gov.in यावर उपलब्ध आहे.
२. उक्त निविदा शक्य झाल्यास दि. २३/१२/२०२५ रोजी दु. ३.०० नंतर उघडण्यात येतील.
३. निविदा फॉर्मची विक्री पोस्टद्वारे करण्यात येणार नाही.
४. निविदा फॉर्म स्विकारण्याचे वा नाकारण्याचे अधिकार मा. आयुक्त महोदय, क. डॉ.म.पा यांचेकडे राखून ठेवलेले आहेत.
५. निविदा Website http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर प्रसिध्द करण्यात आलेली आहे.
६. निविदा सादर करण्यापुर्वी आपल्या फार्म व डिजीटल स्वाक्षरीची नोंदणी करीता Contact helpline No 18002337315 वर संपर्क साधण्यात यावा.
७. प्रि-बिड मिटींग दि. ०९/१२/२०२५ रोजी दुपारी १२.०० वाजता मा. अतिरिक्त आयुक्त, कडोंमपा, कल्याण यांचे दालनात आयोजित करण्यात येईल.

सही/-
प्रभारी वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी
कल्याण डोंबिवली
महानगरपालिका, कल्याण

जा. क्र. -कडोंमपा /जसंवि/मुका/७२३
दिनांक - २८/११/२०२५

## संपादकीय

# संविधान समझें, मनमानी रुके

पिछले दिनों संसद के सेंट्रल हाल से लेकर अन्य स्थानों पर जो संविधान दिवस मनाया गया, उसकी शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 से की थी। उन्होंने संविधान दिवस मनाना इसलिए आवश्यक समझा, ताकि देशवासी उसके मूल्यों और महत्ता से परिचित हो सकें। आज यदि भारत एक सफल लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है तो इसके पीछे एक बड़ा योगदान हमारे संविधान का है। संविधान की शक्ति ने ही देश को एकसूत्र में बांधकर रखा है। संविधान एक लंबी और श्रमसाध्य प्रक्रिया का परिणाम था। संविधान एक जीवंत दस्तावेज है और उसमें देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप संशोधन करने की गुंजाइश है। इसीलिए उसमें अब तक सौ से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं। ये संशोधन सभी दलों की सरकारों ने किए हैं। यह स्पष्ट ही है कि आगे भी आवश्यकतानुसार संशोधन होते रहेंगे, लेकिन यह विचित्र है कि पिछले कुछ समय से कई विपक्षी नेता उसे पत्थर की लकीर की तरह पेश करने में लगे हुए हैं। वे संविधान खतरे में है का शोर मचाते हैं। सबसे अधिक शोर कांग्रेस नेता राहुल गांधी मचा रहे हैं। वे संकीर्ण राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं। संविधान को खतरे में दिखाने के लिए वे जब-तब उसकी प्रति लहराते रहते हैं। यह एक शिगूफा ही है, क्योंकि वे उसी संविधान की ताकत से सांसद और नेता विपक्ष हैं, जिसे खतरे में बताते हैं। वे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को भी निशाने पर लिए हुए हैं, जो मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का अपना संवैधानिक काम कर रहा है। सच तो यह है कि यह राहुल गांधी ही हैं, जो संविधान को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। संविधान की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग उसकी भावना के अनुरूप किया जाता है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अतीत में संविधान का दुरुपयोग और उसका मनमाना इस्तेमाल किया गया। 1975 में जब देश पर आपातकाल थोपा गया तो न केवल उसका निरादर किया गया, बल्कि उसका मनचाहा इस्तेमाल भी किया गया। जब भी संविधान का इस्तेमाल मनमाने तरीके से किया जाएगा, उसकी शक्ति क्षीण होगी। यदि राजनीतिक दल अपने स्वार्थों के लिए संविधान का इस्तेमाल करेंगे तो इससे कहीं न कहीं जनता के हितों की भी अनदेखी होगी। यह किसी से छिपा नहीं कि इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए संविधान की अनदेखी कर जो आपातकाल लगाया, उसके दुष्परिणाम आम जनता को भी भोगने पड़े। संविधान की सार्थकता बढ़ाने के लिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी कार्य संविधानसम्मत ढंग से हों। यह भी आवश्यक है कि संविधान के प्रविधानों की मनमानी व्याख्या को रोका जाए। अपने देश में किस तरह संवैधानिक मामलों की मनचाही व्याख्या होती रहती है, इसका एक उदाहरण है आरक्षण। आरक्षण सामाजिक रूप से कमजोर-पिछड़े तबके के उत्थान के लिए संविधानप्रदत्त व्यवस्था है। इस तबके के उत्थान और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण को आगे भी जारी रखने की आवश्यकता है, लेकिन उसे वोट बैंक का हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए और न ही समाज को अगड़े-पिछड़े में बांटने वाली वैमनस्य की राजनीति की जानी चाहिए। दुर्भाग्य से आज ऐसा ही हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय पहले एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण को मान्यता देते हुए यह सुझाव दिया था कि सरकारों को इन वर्गों में क्रीमी लेयर की पहचान कर उन्हें आरक्षण से बाहर करने की नीति विकसित करनी चाहिए।

# चमकते शहरों में उपेक्षित बेघर लोग



विजय गर्ग
सेवानिवृत्त प्रिंसिपल
मलोट पंजाब



कड़ाके की ठंड में फुटपाथों पर बिखरी पुरानी रजाइयां, प्लास्टिक की फटी हुई चादरें और कभी-कभार धुंधली आग की लौ शहर की जगमगाती रोशनी से कटी हुई दुनिया जैसी लगती हैं। कहीं से आई कोई छोटी-सी खबर चुपचाप दब जाती है कि कड़ाके की ठंड ने फिर कुछ जिंदगियां लील लीं। ये जिंदगियां उन गुमनाम चेहरों की हैं, जो पुल के नीचे चे सिकुड़ कर लेटी रहती हैं, रेलवे स्टेशन के कोने में दुबकी रहती हैं या किसी पार्क की टूटी बेंच पर आखिरी सांस लेती हैं, लेकिन ये मौतें केवल मौसमी हादसे नहीं हैं। ये हमारी व्यवस्था की तल्ख सच्चाई हैं, समाज की संवेदनहीनता का क्रूर आईना हैं। कुछ समय पहले एक आंकड़ा 'सेंटर फार होलिस्टिक डेवलपमेंट' ने जुटाया था कि नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच महज 56 दिनों में दिल्ली में 474 बेघर लोगों की ठंड मौत हो गई। । यह आंकड़ा जिला स्तर के डेटा, अस्पताल के दस्तावेज और सर्वे पर आधारित था । राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली प्रशासन से विस्तृत रपट मांगी। मगर वास्तविक संख्या इससे कहीं ज्यादा हो सकती है। फुटपाथ पर पड़ी लाशों को अक्सर अज्ञात शव मान कर दफना दिया जाता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 80 फीसद ऐसी मौतें बिना किसी पहचान के गुम हो जाती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार, 2019 से 2023 तक पूरे देश में शीतलहर से 3,639 मौतें हुई, जिनमें बेघर और गरीब तबका सबसे ज्यादा शिकार रहा। वर्ष 2024 में ही पूरे भारत 13,238 मौतें हुई, जो 2022 #1 हुई मौतों से 18 18 फीसद ज्यादा हैं। यानी शीतलहर अब पहले से अधिक घातक हो घातक हो रही है।

यह संकट दिल्ली तक सीमित नहीं है। कानपुर में जनवरी 2023 के दौरान एक हफ्ते में ही 98 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में ही 1,200 से ज्यादा दा लोगों की मौत हुईं। 'नेशनल फोरम फार होमलेस हाउसिंग राइट्स' ' की रपट में यह जानकारी दी गई। लखनऊ, आगरा, पटना और जयपुर जैसे शहरों में भी यही कहानी दोहराई गई। एनएचआरसी ने अक्तूबर 2025 में 19 19 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों को चेतावनी जारी की, जिसमें बेघरों, नवजातों, , बुजुर्गों और कमजोर वर्गों को ठंड से बचाने के लिए कदम उठाने को कहा गया, लेकिन ये चेतावनियां कागजों वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश के शहरी क्षेत्रों में नौ लाख 38,348 लोग बेघर थे। मगर आज यह संख्या डेढ़ करोड़ पार कर चुकी है। दिल्ली में ही करीब तीन से चार लाख बेघर लोग हैं, जो मुख्य रूप से प्रवासी मजदूर, रिक्शा चालक, सब्जी विक्रेता, घरेलू कामगार और बुजुर्ग हैं। अगस्त 2024 में कराई गई गिनती में 1,56,369 लोग रात ग्यारह बजे सुबह 5.30 तक सड़कों पर सोते पाए गए। ये वे लोग हैं जो दिनभर शहर को चला रहे होते हैं। वे सुबह चार बजे से रिक्शा चलाते हैं, बाजारों में फल बेचते हैं, घरों में झाड़ू लगाते हैं, लेकिन शाम ढलते ही इनके लिए कोई जगह नहीं बचती। एक रपट के मुताबिक, महामारी के बाद प्रवासी मजदूरों की संख्या में 30 फीसद की बढ़ोतरी हुई, जिनमें से आधे से ज्यादा शहरी झुग्गियों या खुले आकाश तले रहने के लिए मजबूर हैं। आर्थिक मंदी, नौकरियों की कमी और ग्रामीण पलायन ने इन्हें सड़कों पर धकेल दिया।


ये लोग हमारे बीच के ही हैं। एक समय वे किसानों के बेटे थे, मजदूर थे, छोटे व्यापारी थे। मगर सूखा पड़ने से और बाढ़, कर्ज तथा महंगाई ने उन्हें शहरों की ओर धकेल दिया। शहरीकरण की होड़ में गांव खाली हो रहे हैं। शहर बड़े हो रहे हैं, लेकिन गरीबों के लिए जगह सिकुड़ रही है। दिल्ली मास्टर प्लान 2041 के तहत शहर को स्मार्ट बनाने का सपना है, लेकिन इसमें बेघरों का कोई जिक्र नहीं। उल्टे, झुग्गी-झोपड़ियां तोड़ी जा रही हैं। कुछ समय पहले यमुना किनारे सैकड़ों झुग्गियों पर बुलडोजर चला दिया गया। लोग मलबे पर सोने लगे। बच्चे ठिठुरे, महिलाएं रोईं, लेकिन विकास का पहिया रुका नहीं। एक सर्वे के अनुसार, दिल्ली में 40 फीसद बेघर लोग झुग्गी तोड़ने के बाद सड़कों आ गए। मौसम विभाग चेतावनी देता है, एनएचआरसी निर्देश देता है, संगठन आवाज उठाते हैं, लेकिन प्रशासन सोता रहता है।

हैं। असल में बेघरों को इन घरा सरकार की योजनाएं इस संकट को दूर करने का दावा करती हैं, लेकिन जमीन पर वे खोखली साबित हो रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) का नारा था सबको घर वर्ष 2015 में शुरू हुई यह योजना 2022 तक सभी को पक्का घर देने का वादा लेकर आई, लेकिन 2025 आ गया और इस योजना का विस्तार कर पीएमएवाई अर्बन 2.0 लाया गया। दूसरी ओर बेघरों की संख्या घटने के बजाय बढ़ रही है। सरकार दावा करती है कि 20 मिनट में 150 घर बन रहे लेकिन ये आंकड़े कागजों के में बेघरों को इन घरों तक पहुंच ही नहीं मिलती। सितंबर 2025 में मंत्रालय ने राज्यों के साथ समीक्षा की, लेकिन समय पर केंद्रीय सहायता जारी न होने से प्रगति ठप है। यह योजना गरीबों को सशक्त बनाने का दावा करती है, लेकिन वास्तव में भवन निर्माता कंपनियों की जेब भर रही है। रैन बसेरे इस समस्या का तात्कालिक हल माने जाते हैं, लेकिन इनकी हालत देख कर बेहद निराशा होती है। 'दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड' के अनुसार, शहर में 325 रैन बसेरे हैं, जिनकी कुल क्षमता 16,338 लोगों की है। लेकिन 'विंटर एक्शन प्लान 2024-25' के तहत 197 स्थायी बसेरों में से मात्र 82 कार्यरत हैं, क्षमता सिर्फ 7,092 की है। बाकी 'पोर्टा केबिन' और तंबुओं में चल रहे हैं। दिल्ली सरकार ने 250 नए अस्थायी बसेरे खोलने का वादा किया। लाहौरी गेट या सराय काले खां जैसी जगहों पर भीड़ इतनी कि लोग फर्श पर सोते हैं। महिलाओं के लिए 17 बसेरे । यहां चोरी, नशा खोरी और हिंसा आम है। मास्टर प्लान के मुताबिक 330-350 स्थायी रैन बसेरे होने चाहिए थे, लेकिन अभी 80 ही हैं।

## जीवन मंत्र

# क्रोध से कलुषित बुद्धि कर्तव्य-अकर्तव्य का विचार नहीं करती

जिन कार्यों को व्यक्ति सामान्य समय में गलत और हानिकारक मानता है, वे क्रोध में उसे उचित और आवश्यक लगने लगते हैं। यह भावनात्मक आवेश बुद्धि की दिशा बदल देता है। ध्यान प्रतिशोध पर टिक जाता है, और मन में यह भ्रम उत्पन्न हो जाता है कि यह क्रिया आवश्यक है, चाहे वह नैतिक रूप से गलत ही क्यों न हो।



यह वाक्य मानव स्वभाव के एक गहरे सत्य को उजागर करता है—जब मन क्रोध से भर जाता है, तब बुद्धि की स्पष्टता धुंधली पड़ जाती है। क्रोध एक ऐसा भाव है जो व्यक्ति को सोचने, परखने और समझने की शक्ति से दूर ले जाता है। सामान्य परिस्थितियों में जो निर्णय आसानी से किया जा सकता है, वही निर्णय क्रोध के समय भारी भ्रम और भावनात्मक अंधकार में बदल जाता है। बुद्धि का संतुलन बिगड़ते ही व्यक्ति सही-गलत, कर्तव्य-अकर्तव्य और न्याय-अन्याय का भेद करने में असमर्थ हो जाता है।

क्रोध मन और चेतना पर पर्दा डाल देता है। जैसे धुआँ शीशे को धुंधला कर देता है और सामने का दृश्य अदृश्य कर देता है, वैसे ही क्रोध विवेक को ढक देता है। इस अवस्था में व्यक्ति परिस्थितियों को वास्तविक रूप में नहीं देख पाता। वह केवल अपनी चोटिल भावना, आहत अहं और क्षणिक वेग को सच मान लेता है। इस कारण वह वह चीजें भी कर बैठता है जिनके परिणाम बाद में स्वयं उसे ही पीड़ा देते हैं। कई बार क्रोध में बोले गए शब्द या किए गए निर्णय रिश्तों को तोड़ देते हैं, अवसरों को नष्ट कर देते हैं और व्यक्ति के जीवन में अनचाहा बोझ छोड़ जाते हैं।

कर्तव्य का अर्थ है—वह कर्म जो संयम, विवेक और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। लेकिन क्रोध इस संयम को भंग कर देता है। क्रोध में व्यक्ति का ध्यान अपने उत्तरदायित्व से हटकर बदले, प्रतिरोध या प्रतिक्रिया पर केंद्रित हो जाता है। वह यह सोचना भी बंद कर देता है कि उसके आचरण से सामने वाले पर, समाज पर या स्वयं पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इस तरह क्रोध व्यक्ति को अपने कर्तव्य से भटका कर ऐसे कार्यों में उलझा देता है जो उसके हित में नहीं होते।

अकर्तव्य का क्षेत्र भी क्रोध से विस्तृत हो जाता है। जिन कार्यों को व्यक्ति सामान्य समय में गलत और हानिकारक मानता है, वे क्रोध में उसे उचित और आवश्यक लगने लगते हैं। यह भावनात्मक आवेश बुद्धि की दिशा बदल देता है। ध्यान प्रतिशोध पर टिक जाता है, और मन में यह भ्रम उत्पन्न हो जाता है कि यह क्रिया आवश्यक है, चाहे वह नैतिक रूप से गलत ही क्यों न हो। आत्म-नियंत्रण का क्षरण व्यक्ति को ऐसे रास्ते पर ले जाता है जहाँ बुद्धि का प्रकाश लगभग बुझ जाता है।

## शख्सियत — मेधा पाटकर

# भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता



मेधा पाटकर एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो भारत में अन्याय का सामना कर रहे आदिवासियों, दलितों, किसानों, मजदूरों और महिलाओं द्वारा उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर काम कर रही हैं।

मेधा पाटकर का जन्म 1 दिसंबर 1954 को मुंबई में हुआ, लेकिन उनके व्यक्तित्व का वास्तविक विकास उदयपुर, राजस्थान की शांत और सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध भूमि पर हुआ। बचपन से ही उनमें सामाजिक संवेदनशीलता, असमानता के खिलाफ लड़ने का साहस और कमजोरों के प्रति करुणा के बीज बो दिए गए थे। उच्च अध्ययन के लिए उन्होंने संचार और समाज के संबंधों को गहराई से समझने वाली शिक्षा को चुना। बंगलुरु के सिम्बायोसिस स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन से संचार प्रबंधन में मास्टर डिग्री ने उनके संवाद कौशल और जनसंपर्क की समझ को धार दी। इससे पहले मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर से वाणिज्य में स्नातक की पढ़ाई ने उन्हें आर्थिक विषमताओं, संसाधनों के असमान वितरण और सामान्य जनजीवन की जरूरतों को समझने में मदद की। इसके अतिरिक्त वह सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के प्रतिष्ठित संस्थान टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (TISS) की भी पूर्व छात्रा हैं, जिसने उनके भीतर सामाजिक न्याय की लौ को और प्रज्वलित किया।

पाटकर भारत के तीन प्रमुख राज्यों—मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात—में फैले नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) की संस्थापक सदस्य हैं। यह आंदोलन बीते 32 वर्षों से नर्मदा घाटी में सरदार सरोवर बांध और उससे जुड़ी अन्य बांध परियोजनाओं के कारण विस्थापित होने वाले लाखों लोगों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। एनबीए का संघर्ष केवल पुनर्वास की मांग तक सीमित नहीं, बल्कि विकास के मॉडल की उस सोच को चुनौती देना है जिसमें गरीब, किसान, मछुआरे, आदिवासी और हाशिए पर खड़े समुदाय अक्सर 'कुर्बानी' बनने पर मजबूर कर दिए जाते हैं। मेधा पाटकर ने सदैव इस बात पर ज़ोर दिया कि विकास तभी सार्थक है जब वह सभी के लिए न्यायपूर्ण और टिकाऊ हो।

उनकी नेतृत्व क्षमता और धरातली संघर्ष ने उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाई। वह विश्व बांध आयोग (World Commission on Dams) की आयुक्त रहीं, जहाँ उन्होंने वैश्विक स्तर पर बड़े बांधों के सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक प्रभावों का सूक्ष्म अध्ययन किया। इस आयोग ने दुनिया भर में हो रहे बांध निर्माण की नीतियों, उनके विकल्पों और प्रभावों का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया, जो आगे चलकर कई देशों के नीति-निर्माण में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

मेधा पाटकर नेशनल अलायंस ऑफ पीपुल्स मूवमेंट्स (NAPM) की संस्थापकों में से एक हैं—यह सैकड़ों सामाजिक संगठनों, श्रमिक यूनियनों, किसान आंदोलनों, महिला संगठनों और मानवाधिकार समूहों का एक सामूहिक मंच है। पाटकर कई वर्षों तक इसकी राष्ट्रीय समन्वयक और संयोजक रहीं और आज भी इसकी वरिष्ठ सलाहकार के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। एनएपीएम के माध्यम से उन्होंने शहरों तथा गांवों दोनों में चलने वाले सैकड़ों जन आंदोलनों को मजबूत किया। चाहे मुंबई की झुग्गियों में चल रहा घर बचाओ–घर बनाओ आंदोलन हो, या भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अन्यायपूर्ण प्रावधानों के खिलाफ किसान संगठनों का संघर्ष—पाटकर हर मोर्चे पर सक्रिय रहीं। जातिवाद, सांप्रदायिकता और सामाजिक भेदभाव के हर रूप का विरोध उनकी पहचान बन गया है।

## जीवन ऊर्जा

विजया लक्ष्मी पंडित : निधन – 1 दिसंबर, 1990 — देहावसान

# हमें जितना अधिक पसीना आता है, उतना ही कम खून बहता है

विजया लक्ष्मी पंडित एक भारतीय राजनयिक और राजनीतिज्ञ थीं। उनका जन्म 18 अगस्त, 1900 में हुआ था। वे 1962 से 1964 तक महाराष्ट्र की 6वीं राज्यपाल और 1953 से 1954 तक संयुक्त राष्ट्र महासभा की 8वीं अध्यक्ष रहीं, जो किसी भी पद पर नियुक्त पहली महिला थीं। लंदन में उनका समय भारत-ब्रिटिश संबंधों में बदलाव के व्यापक संदर्भ में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। उनका निधन 1 दिसंबर, 1990 में हुआ था।



शिक्षा केवल जीविकोपार्जन का साधन या धन अर्जन का साधन नहीं थी। यह आत्मा के जीवन में दीक्षा थी, सत्य की खोज में मानव आत्मा का प्रशिक्षण और सदाचार का अभ्यास है। मेरे लिए भारत सुंदरता और उदारता, पारंपरिक आतिथ्य और कई संस्कृतियों की स्वीकृति का देश है। हमें जितना अधिक पसीना आता है, उतना ही कम खून बहता है। कठिनाइयां, विरोध, आलोचना-इन बातों को दूर करना ही है, और इनका सामना करने और शीर्ष पर आने में विशेष आनन्द आता है। जब प्रशंसा के सिवा और कुछ नहीं होता, तभी जीवन अपना आकर्षण खो देता है। स्वतंत्रता डरपोक के लिए नहीं है। कोई यह तर्क दे सकता है कि इतिहास के संदर्भ में कुछ साल मायने नहीं रखते। लेकिन हम एक ऐसे युग में रहते हैं जिसमें हर पल भारी मायने रखता है और देरी की कीमत मानव जीवन है। जेल एक अच्छा अनुभव है लेकिन इसकी कमियां हैं... वैवाहिक जीवन के सभी नुकसान बिना किसी मुआवजे के। बलिदान अक्सर कई कार्यों के लिए एक लबादा होता था जो हमेशा उच्चतम उद्देश्यों से उत्पन्न नहीं होता था।

एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था का निर्माण, संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य, विचारों, संसाधनों और जनशक्ति की कमी से नहीं बल्कि आवश्यक कदम उठाने के लिए सरकारों की ओर से इच्छाशक्ति की कमी से बाधित है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# धन नहीं, चरित्र ही व्यक्ति का मूल्य बताता है


यह समझना आवश्यक है कि जीवन केवल शरीर, धन और बाहरी उपलब्धियों का खेल नहीं है, बल्कि यह आत्मा, चेतना और सद्गुणों का निरंतर विकास है। मनुष्य जिस क्षण जन्म लेता है, उसी क्षण से वह सीखने की यात्रा पर चल पड़ता है। बचपन में उसकी दुनिया छोटी होती है, पर विचार निर्मल होते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे दुनिया का विस्तार होता है, और साथ ही बढ़ती हैं उसकी इच्छाएँ, महत्वाकांक्षाएँ और संघर्ष। यही वह समय होता है जब मनुष्य धन-संपत्ति को जीवन का मुख्य लक्ष्य समझ बैठता है। परंतु जीवन निरंतर यह याद दिलाता रहता है कि पैसा केवल साधन है, लक्ष्य नहीं।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

धन-संपत्ति के प्रति अत्यधिक मोह मनुष्य के भीतर चिंता, ईर्ष्या और असंतोष को जन्म देता है। जब वह किसी से तुलना करने लगता है, तब उसकी खुशी दूसरों की उपलब्धियों पर निर्भर होने लगती है। धीरे-धीरे यह मानसिकता मनुष्य को भीतर से खोखला बना देती है। वह स्वयं को बाहरी वस्तुओं के आधार पर पहचानने लगता है, जबकि सच्चाई यह है कि व्यक्ति की पहचान बाहरी वैभव से नहीं, बल्कि उसके व्यक्तित्व, विचारों और व्यवहार से बनती है। जिन लोगों में सत्य, कर्तव्य, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना गहराई से जुड़ी होती है, वे ही वास्तव में समाज में सम्मान पाते हैं।

जीवन में अनेक ऐसे अवसर आते हैं जहाँ मनुष्य के निर्णय यह तय करते हैं कि वह किस दिशा में आगे बढ़ेगा—भ्रम की ओर या सत्य की ओर। यदि वह अपने गुणों को मजबूत करता है, तो वह हर चुनौती में संभल जाता है। लेकिन यदि वह केवल भौतिक चीज़ों के पीछे भागता है, तो जीवन के अंत में उसे केवल पछतावा ही मिलता है। यही कारण है कि विद्वानों ने कहा है—"धन का मूल्य सीमित है, पर चरित्र का मूल्य अनंत है।" यह चरित्र ही वह



प्रकाश है जो कठिन समय में भी दिशा दिखाता है, और यही वह संपत्ति है जिसे कोई छीन नहीं सकता।

यह भी आवश्यक है कि मनुष्य अपने भीतर संचित मूल्यों को केवल अपने तक सीमित न रखे, बल्कि उन्हें अगली पीढ़ी तक पहुँचाए। आज के समय में बच्चे भौतिक सुख-सुविधाओं में तो बड़े हो रहे हैं, लेकिन उनमें धैर्य, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी जैसे गुण कम होते जा रहे हैं। इसका कारण यह है कि माता-पिता केवल धन छोड़ना चाहते हैं, संस्कार नहीं। यदि हम चाहते हैं कि समाज में नैतिकता, इंसानियत और सामंजस्य बना रहे, तो हमें अगली पीढ़ी को ऐसी विरासत देनी होगी जो उन्हें सशक्त, स्थिर और संवेदनशील बनाए। यह विरासत धन नहीं, बल्कि विचारों और मूल्यों की होती है। अंत में यही कहा जा सकता है कि मनुष्य का अंतिम वैभव उसके आचरण, विनम्रता और मानवता में छिपा होता है। दुनिया में करोड़ों लोग पैदा होते हैं और चले जाते हैं, लेकिन वही लोग याद रहते हैं जिन्होंने अपने कर्मों से दुनिया को बेहतर बनाया। जो अपने शब्दों से प्रेरणा देते हैं, अपने व्यवहार से उदाहरण प्रस्तुत करते हैं और अपने गुणों से समाज को ऊँचा उठाते हैं। इसलिए जीवन का लक्ष्य केवल धन कमाना नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसा चरित्र बनाना चाहिए जिसे देखकर लोग कहें—"यह व्यक्ति धनवान नहीं, गुणवान है।" यही वह संपत्ति है जो अमर रहती है, और यही मनुष्य को वास्तव में महान बनाती है।

## अपने विचार



हमने इन दोनों नेताओं के बीच ट्विटर वॉर भी देखी है। आज ये दोनों बेस्ट एक्टर और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड डिजर्व करते हैं। आज एक बात बिल्कुल साफ है कि उस नाश्ते की टेबल पर कर्नाटक की जनता मेन्यू में थी ही नहीं। सिर्फ और सिर्फ सत्ता की राजनीति थी, जनता की नहीं।'

**–शहजाद पूनावाला**, प्रवक्ता, भाजपा



मुझमें और मुख्यमंत्री में कोई मतभेद नहीं है। पार्टी अध्यक्ष होने के नाते, मुझे अपनी लिमिट पता हैं। मैंने कहीं भी ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की जिससे मतभेद पैदा हों। हम प्रतिबद्ध हैं और हमारा लक्ष्य 2028–29 है।

**–डीके शिवकुमार**,डिप्टी सीएम,कर्नाटक



सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कहलाने का हक नहीं है, क्योंकि अदालत सरकार के दबाव में काम कर रही है। जिहाद शब्द का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन जब तक जुल्म होगा, तब तक जिहाद होगा और जहां उत्पीड़न होगा, वहां जिहाद होगा।

**–मौलाना महमूद मदनी**, अध्यक्ष, जामिया उलेमा–ए–हिंद



भैया मैं राजनीति ही नहीं करूंगा। दूर रहूंगा, बहुत खुश हूं। पहली बात तो बोलना बंद हो गया था। पार्टी लाइन के बाहर नहीं बोल सकते। ये नहीं बोल सकते...हम बोलेंगे नहीं तो मर जाएंगे। अब मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

**–अवध ओझा**,मोटिवेशनल स्पीकर

अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### 'स्पाइडर मैन' की गिरफ्तारी, 70 वारदातों में नामजद

**नागपुर।** विदर्भ में 'स्पाइडर मैन' के नाम से चर्चित अपराधी राम उर्फ़ स्पाइडरमैन (दिनेश मडड़ावी, 36) को नागपुर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ चोरी और सेंधमारी के 70 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने तीन वारदातों की चोरी की कबूली दी। कोंढाली के खुर्सापार का रहने वाला राम किसी भी इमारत में आसानी से चढ़कर छोटे-छोटे गैप से दुकान या मकान में प्रवेश कर चोरी करता था। उसकी इस फुर्ती और महारत के कारण ही उसे 'स्पाइडर मैन' कहा जाता है। पिछले माह महल, गांधीगेट स्थित माधव इलेक्ट्रिकल दुकान से 12 लाख रुपए की चोरी में उसका हाथ बताया गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी को देखा गया। लगातार ठिकाने बदलने के बावजूद क्राइम ब्रांच और साइबर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में राम को नागपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने माधव इलेक्ट्रिकल की चोरी, सीताबर्डी थाना क्षेत्र के घर और अंबाझरी थाना क्षेत्र से दोपहिया वाहन चोरी की कबूली दी। इसके अलावा उसने शेगांव स्थित गजानन मंदिर के पास 2 लाख रुपये की चोरी भी कबूली। आगे की जांच के लिए आरोपी को कोतवाली पुलिस के हवाले किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने माधव इलेक्ट्रिकल की चोरी, सीताबर्डी थाना क्षेत्र के घर और अंबाझरी थाना क्षेत्र से दोपहिया वाहन चोरी की कबूली दी। इसके अलावा उसने शेगांव स्थित गजानन मंदिर के पास 2 लाख रुपये की चोरी भी कबूली। आगे की जांच के लिए आरोपी को कोतवाली पुलिस के हवाले किया गया।

### नौसेना प्रमुख ने खोला ऑपरेशन सिंदूर का राज, पाकिस्तानी बेड़े को बंदरगाहों में सीमित किया

**पुणे।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने पुणे में आयोजित व्याख्यान में बताया कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय नौसेना की तत्परता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस ऑपरेशन के दौरान अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नौसेना को उसके बंदरगाहों तक सीमित किया गया। एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना फाउंडेशन पुणे चैप्टर के 'भू-राजनीति, प्रौद्योगिकी और रणनीति के निरंतर प्रवाह के बीच भारतीय नौसेना की गति' विषयक व्याख्यान में कहा कि भारतीय नौसेना हमेशा युद्ध के लिए तैयार रहती है और बदलते वैश्विक परिदृश्य में इसकी तत्परता बेहद जरूरी है। ऑपरेशन सिंदूर मई में शुरू किया गया था, जिसमें नौसेना ने 96 घंटों के भीतर त्वरित तैनाती, गोलाबारी और युद्धाभ्यास किया। एडमिरल त्रिपाठी ने बताया कि उत्तरी हिंद महासागर में भारतीय 'कैरियर बैटल ग्रुप' (CBG) की उपस्थिति ने पाकिस्तानी नौसेना को अपने बंदरगाहों के भीतर ही सीमित रहने के लिए मजबूर किया।

# पालिका चुनाव में आशा व स्वास्थ्य स्वयंसेविकाओं को BLO बनाने पर आपत्ति तेज

**▸▸ महानगरपालिका स्वास्थ्य सेवा कर्मचारी संघटना ने चुनाव आयोग व BMC प्रशासन को भेजा आपत्ति पत्र**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई




आगामी पालिका चुनावों को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर नगरपालिकाओं ने आशा सेविकाओं और स्वास्थ्य स्वयंसेविकाओं (CHV) को बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की है। लेकिन इस फैसले का महानगरपालिका स्वास्थ्य सेवा कर्मचारी संघटना ने विरोध किया है और इसे नियमों के खिलाफ बताया है। संघटना की ओर से अधिवक्ता प्रकाश देवदास ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त, प्रशासक तथा राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी भूषण गगराणी को पत्र लिखकर कहा है कि आशा सेविकाएं और CHV BLO पद के लिए पात्र ही नहीं हैं।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार

मामले की गंभीरता को देखते हुए संघटना ने मांग की है कि आयोग और BMC प्रशासन इस पर तत्काल हस्तक्षेप करें और BLO नियुक्ति की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करें। आगामी दिनों में आयोग की प्रतिक्रिया और आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

### क्यों उठी आपत्ति?

संघटना ने कुछ प्रमुख तर्क रखते हुए इन स्वयंसेविकाओं की BLO नियुक्ति पर सवाल उठाए-आशा सेविकाएं और CHV मनपा की नियमित कर्मचारी नहीं हैं, बल्कि केवल स्वयंसेविका के रूप में कार्यरत हैं। इनमें से बड़ी संख्या में महिलाएं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़ी हुई हैं, ऐसे में BLO नियुक्ति हितों का टकराव पैदा कर सकती है। चुनाव आयोग द्वारा BLO नियुक्ति के लिए निर्धारित 13 श्रेणियों में इनका पद शामिल नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक शपथ पत्र में भी स्पष्ट किया गया है कि CHV कर्मचारी नहीं बल्कि स्वयंसेविका हैं।

### 'लगाया जा रहा है दबाव' का आरोप

अधिवक्ता देवदास ने आरोप लगाया कि आयोग को अधूरी जानकारी देकर करीब 4,500 CHV और आशा सेविकाओं पर BLO के रूप में नियुक्ति स्वीकार करने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि कुछ समय पहले एक CHV पर डाला गया दबाव मानसिक तनाव का कारण बना, जिससे उसे दिल का दौरा पड़ा और उसकी मृत्यु हो गई। संघटना का स्पष्ट कहना है कि अगर नियुक्ति नियमों के अनुकूल नहीं है, तो उसे स्वीकार करना आवश्यक नहीं। राजनीतिक दलों से जुड़े व्यक्ति को कर्मचारी मानकर BLO बनाना उचित नहीं है। चुनाव आयोग की पूर्व मंजूरी के बिना पात्रता सूची से बाहर के लोगों की नियुक्ति चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का सीधा उल्लंघन है।

## महायुति में अंदरूनी जंग

### मंत्री कोकाटे ने बीजेपी को कहा 'भ्रष्ट पार्टी'



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के बीच सत्ताधारी महायुति के घटक दलों में अंदरूनी संघर्ष देखने को मिल रहा है। इस बार खेल मंत्री माणिकराव कोकाटे ने बीजेपी पर तीखी प्रतिक्रिया दी। सिन्नर में एक रैली में उन्होंने बीजेपी को 'भ्रष्ट पार्टी' बताते हुए आरोप लगाया कि पार्टी पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी करते हुए केवल नेताओं को तोड़कर और जोड़कर बड़ी हो रही है। कोकाटे ने कहा, 'बीजेपी ने मेरे भाई भारत कोकाटे और सांसद राजा वाजे के परिवार के साथ भी यही किया।

### डीसीएम शिंदे और किसानों पर भी निशाना

मंत्री कोकाटे ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी पार्टी पर भी हमला बोला। उन्होंने सिन्नर नगर परिषद के अधिकारी बदलने में शिंदे गुट की लापरवाही और लाडली बहन योजना का श्रेय लेने को लेकर आलोचना की। साथ ही उन्होंने किसानों की कर्जमाफी पर विवादित बयान दिया, कहा, 'किसानों को मुफ्त कर्जमाफी नहीं, बल्कि 70% सब्सिडी वाली योजना दी जानी चाहिए।

# फुले मालीवाड़ा में एक ही परिवार के 4 लोगों ने की आत्महत्या

डीबीडी संवाददाता | नासिक

महाराष्ट्र के नासिक जिले के देवला तहसील के फुले मालीवाड़ा में रविवार को सुबह एक ही परिवार के चार लोगों ने व्हाट्सएप पर पोस्ट लिखकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी मिलते ही देवला पुलिस स्टेशन की टीम फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और छानबीन कर शुरू कर दी। घटना की जांच कर रहे पुलिस निरीक्षक सार्थक नेहते के अनुसार आज सुबह मालवाड़ी इलाके में एक ही परिवार के चार लोगों की आत्महत्या की खबर मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने चारों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना में पुलिस अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है, फोरेंसिक टीम मौके पर जांच कर रही है। मरने वालों में पति, पत्नी और उनके दो नाबालिग बच्चे शामिल हैं। मृतकों की पहचान गोविंद बालू शेवाले (40), उनकी पत्नी कोमल गोविंद शेवाले (35), बेटी खुशी गोविंद शेवाले (8) और डेढ़ साल का बेटा श्याम गोविंद शेवाले के रुप में की गई है।



### गोविंद शेवाले परिवार की संदिग्ध मौत से सनसनी

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि गोविंद बालू शेवाले ने आज सुबह ही व्हाट्सएप पर आत्महत्या का मैसेज पोस्ट किया था, जिससे शेवाले के रिश्तेदारों ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी और मौके पर पहुंचे। लेकिन घर में गोविंद का शव पंखे से लटकता हुआ मिला, जबकि उनकी पत्नी और दोनों बच्चों का शव जमीन पर पड़े थे। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फोरेंसिक हर ऐंगल से जांच कर रही है।

# टोरेंट पावर द्वारा 'संगिनी' कार्यक्रम में 'Nourish to Flourish' विषय पर विशेष सत्र

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

**200 से अधिक महिला कर्मचारियों ने लिया हिस्सा**



महिला सशक्तिकरण और कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में टोरेंट पावर लगातार प्रभावी पहलें कर रहा है। इसी क्रम में कंपनी ने 29 नवंबर को भिवंडी स्थित ओसवाल ऑडिटोरियम में अपने महिला-केंद्रित अर्धवार्षिक कार्यक्रम 'संगिनी' के अंतर्गत एक विशेष सत्र का आयोजन किया। इस प्रेरणादायी सत्र में 200 से अधिक महिला कर्मचारियों ने भागीदारी दर्ज कराई। इस बार सत्र का विषय था 'Nourish to Flourish', जिसमें कामकाजी महिलाओं के लिए सही पोषण, संतुलित आहार और स्वयं की देखभाल के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। सत्र की मुख्य वक्ता थीं सुधा शंकरनारायण, डायरेक्टर – R&D एवं फूड सेफ्टी (एशिया, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका), Papa John's International। खाद्य उद्योग में दो दशक से अधिक के वैश्विक अनुभव के साथ वह अपनी विशेषज्ञता और प्रभावी नेतृत्व के लिए जानी जाती हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज की तेज़-तर्रार कार्यशैली में महिलाएँ परिवार और नौकरी की दोहरी जिम्मेदारियों के बीच अक्सर अपने स्वास्थ्य को अनदेखा कर देती हैं। इसका असर आगे चलकर उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर दिखाई देता है। उन्होंने सरल, संतुलित और व्यावहारिक आहार आदतों को अपनाने पर जोर देते हुए कई उपयोगी सुझाव साझा किए। सत्र के संवादात्मक चरण में महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और स्वास्थ्य तथा पोषण से जुड़े विषयों पर खुलकर चर्चा की। टोरेंट पावर के प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण और कर्मचारी कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। "संगिनी जैसे कार्यक्रम हमारी महिला कर्मियों को अधिक जागरूक, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# मुंबई–पुणे एक्सप्रेसवे होगा 10 लेन का

**▸▸ 16 हजार करोड़ की परियोजना का प्रस्ताव सरकार के पास**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

**महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (MSRDC) ने मुंबई–पुणे एक्सप्रेसवे को दस लेन में अपग्रेड करने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया है। लगभग 16 हजार करोड़ रुपये की इस मेगा परियोजना से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय कम होने के साथ ट्रैफिक जाम की समस्या में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2002 में शुरू हुआ 94.6 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे वर्तमान में छह लेन का है और हर दिन 65,000 से अधिक वाहन इससे गुजरते हैं।**



### 8 लेन योजना हुई रद्द, सीधे 10 लेन का विस्तार

इससे पहले एमएसआरडीसी ने एक्सप्रेसवे को आठ लेन का करने का प्रस्ताव तैयार किया था, लेकिन भविष्य की जरूरतों और बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए इस योजना को रद्द कर दिया गया। अब सीधा 10 लेन विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। यह प्रस्ताव दो दिन पहले राज्य सरकार को भेजा गया है, जहां से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### बढ़ते वाहनों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया प्लान

दो दशकों में वाहनों की संख्या में तेज़ वृद्धि और आने वाले वर्षों में इसके और बढ़ने की संभावना को देखते हुए एमएसआरडीसी ने हाईवे विस्तार की आवश्यकता बताई है। योजना के अनुसार एक्सप्रेसवे को चौड़ा करने के लिए अतिरिक्त जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि नवी मुंबई एयरपोर्ट, एमएमआर क्षेत्र का तेज़ विकास और वीकेंड ट्रैफिक को देखते हुए छह लेन की क्षमता पर्याप्त नहीं रह गई है।

### 2029–30 तक पूरा हो सकता है काम

अधिकारियों के अनुसार यदि परियोजना को 2026 तक हरी झंडी मिल गई, तो इसका काम 2029–30 तक पूरा हो सकता है। वर्तमान में एक्सप्रेसवे के सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्से, खंडाला घाट में 13 किमी लंबा 'मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट' तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई योजना के तहत बाकी पूरे मार्ग को भी विस्तारित किया जाएगा।

**नागपुर पुस्तक महोत्सव 2025**

# साहित्य प्रेमियों ने दिखाई जबरदस्त उत्साह

डीबीडी संवाददाता | नागपुर

नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) इंडिया, महाराष्ट्र सरकार और जीरो माइल यूथ फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से रेशीमबाग मैदान में आयोजित नागपुर पुस्तक महोत्सव 2025 को नागपुरवासियों का अभूतपूर्व प्रतिसाद मिला। नौ दिन चलने वाले महोत्सव में करीब साढ़े पाँच लाख लोग शामिल हुए। महोत्सव में देशभर से आए 300 प्रकाशकों की लगभग 15 लाख पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। बाल साहित्य, क्षेत्रीय भाषाओं का साहित्य, संत साहित्य, विज्ञान और विभिन्न लिपियों की किताबों के साथ हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और उर्दू की किताबें रियायती दरों पर उपलब्ध कराई गईं।

### जीरो माइल लिट फेस्टिवल की रौनक

'जीरो माइल लिट फेस्टिवल' में लेखकों, निर्देशक, नीति-निर्माता, विचारक और कानून विशेषज्ञों के इंटरव्यू और संवाद आयोजित किए गए। मंच पर नागपुर और विदर्भ के लेखकों की चर्चाएँ, बच्चों के लिए कार्यशालाएँ, युवा लेखकों के साथ संवाद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने महोत्सव को रोचक बनाया।

# जी एम मोमिन विमेंस कॉलेज स्टडी सेंटर में पत्रकारिता विषय पर सफल सेमिनार का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी




यशवंतराव चौहान महाराष्ट्र ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित जी एम मोमिन विमेंस कॉलेज स्टडी सेंटर, भिवंडी ने शनिवार, 29 नवंबर 2025 को रईस हाई स्कूल के उर्दू बसेरा ऑडिटोरियम में 'पत्रकारिता' विषय पर एक सफल सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता के एम ई सोसायटी के वाइस-प्रेसिडेंट एडवोकेट यासीन मोमिन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में दैनिक इंकलाब के एडिटर शाहिद लतीफ मौजूद थे।

### पत्रकारिता समाज सेवा का सबसे प्रभावशाली माध्यम: शाहिद लतीफ

मुख्य अतिथि शाहिद लतीफ ने बीए और एमए उर्दू के छात्रों को पत्रकारिता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया और अपने अनुभव साझा किए। 'पत्रकारिता समाज सेवा का एक बेहतरीन माध्यम है। पढ़ने, सोचने और गहराई से निरीक्षण करने की क्ष'मता विकसित होती है।

### उर्दू पत्रकारिता का उज्ज्वल भविष्य: एडवोकेट यासीन मोमिन

अध्यक्षीय भाषण में एडवोकेट यासीन मोमिन ने आज़ादी के आंदोलन में उर्दू पत्रकारिता के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा,'आज पत्रकारिता में करियर बनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन महाराष्ट्र में उर्दू की स्थिति मजबूत है। इसलिए उर्दू पत्रकारिता का भविष्य आशाजनक है।'

### कार्यक्रम का संचालन और स्टडी सेंटर की गतिविधियाँ

स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर अब्दुल अज़ीज़ अंसारी ने अतिथियों का परिचय कराया और केंद्र की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। प्रिंसिपल ज़ियाउर रहमान अंसारी ने उद्घाटन भाषण देते हुए कार्यक्रम की आवश्यकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। थकान रहेगी।

**वृष** आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन** दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। पूंजी निवेश बढ़ेगा। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योग शुभ हैं। यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुसंगति से लाभ होगा।

**कर्क** अप्रत्याशित लाभ होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम बिलकुल न लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी। गृह उपयोगी वस्तुएं क्रय करेंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें।

**सिंह** पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें। धैर्य रखें। व्यापार में सफलता मिलेगी।

**कन्या** पुराने मित्र-संबंधी मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बढ़ेगा। आर्थिक तंगी रहेगी। पिछले कार्यों को टालें। पारिवारिक तनाव से मन

**तुला** कार्यसिद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। क्रोध पर संयम आवश्यक है। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। धर्म में रुचि बढ़ेगी। नई योजना से लाभ होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे।

**वृश्चिक** संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे।

**धनु** लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रुभय रहेगा। अनावश्यक विवाद होगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

**मकर** नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। योजना फलीभूत होगी।

**कुंभ** धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**मीन** प्रसन्नता रहेगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कशमकश दूर होगी। स्वजनों से भेंट होगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी।

# भाग्य, समृद्धि और शांति के प्रतीक होते हैं हथेली पर बने चतुर्भुज

आपकी हथेली में कई तरह के निशान बने होते हैं, जिनका कोई विशेष अर्थ माना जाता है। अक्सर लोग इन चिह्नों पर ध्यान नहीं देते, परन्तु हस्तरेखा शास्त्र में इनका महत्वपूर्ण स्थान है। यदि आप ध्यान से अपनी हथेली को देखें, तो कई बार उसमें चौकोर या आयताकार छोटे बॉक्स दिखाई देते हैं।


इन्हें चतुर्भुज कहा जाता है और ये शुभ फल देने वाले माने जाते हैं।




प्रियंका जैन
9769994439

**सुखों की संख्या को कई गुना बढ़ा देते हैं ये चिह्न**

अगर आपकी हथेली की किसी भी रेखा पर चतुर्भुज का निशान बना हो, तो वह रेखा जितने सुख देने वाली होती है, यह निशान उन सुखों में कई गुना वृद्धि कर देता है। यह किसी भी शुभ रेखा के प्रभाव को और अधिक प्रबल बना देता है।



**अशुभ परिणामों को कम करता है चतुर्भुज**

यदि कोई रेखा अशुभ स्थिति में हो और उस पर चतुर्भुज का निर्माण हो जाए, तो उस रेखा के नकारात्मक प्रभाव काफी हद तक कम हो जाते हैं। अशुभ योगों का असर हल्का पड़ जाता है और हानि का स्तर घट जाता है।

**टूटी या कटी रेखा पर चतुर्भुज का प्रभाव**

हस्तरेखा में टूटी, कटी या अस्पष्ट रेखाएँ अक्सर प्रतिकूल परिणाम देती हैं। मगर ऐसी रेखा पर यदि चतुर्भुज बन जाए, तो यह उस रेखा के अशुभ प्रभावों को काफी हद तक दूर कर देता है और स्थिति सामान्य या लाभकारी बन जाती है।

**जीवन की सुगमता का कारण**

यदि जीवन रेखा टूटी हुई हो और उस पर चतुर्भुज का चिह्न दिखाई दे, तो व्यक्ति के जीवन में आने वाले शारीरिक कष्ट कम हो जाते हैं। जीवन अपेक्षाकृत सुगम और संतुलित बन जाता है।

**मानसिक शांति प्रदान करता है चतुर्भुज**

बहुत अधिक लंबी मस्तिष्क रेखा अक्सर मानसिक तनाव और असंतोष का संकेत मानी जाती है। ऐसी स्थिति में मस्तिष्क रेखा पर चतुर्भुज का होना मानसिक तनाव, परेशानी और मानसिक विकारों को दूर करने वाला माना जाता है।

**किस्मत को चमकाता है चतुर्भुज**

भाग्य रेखा सभी के हाथ में स्पष्ट नहीं होती। कई बार यह टूटी या अस्पष्ट रहती है। यदि ऐसी भाग्य रेखा पर चतुर्भुज का निर्माण हो जाए, तो व्यक्ति को संघर्ष के बाद सफलता अवश्य मिलती है। यह चिह्न किस्मत को मजबूत करने का संकेत माना जाता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### यूपी के दो एथलीटों ने थाईलैंड में जीता स्वर्ण

**गोरखपुर।** भारत ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी ताकत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित आईएफबीबी प्रो लीग एनपीसी वर्ल्ड वाइड इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के विवेक और महाराजगंज के समीर ने स्वर्ण पदक जीता है। यह उपलब्धि न केवल पूर्वांचल बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय बन गई है।दोनों युवा एथलीटों की इस असाधारण सफलता के पीछे उनके गुरु माज़ खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गोल्ड मेडल जीतने के बाद भावुक विवेक ने कहा यह गोरखपुर का पहला इंटरनेशनल गोल्ड मेडल है। यह उपलब्धि पूरी तरह मेरे गुरु माज़ खान की देन है। उन्होंने मुझे गोरखपुर से बैंकॉक तक पहुँचाया। उनका लक्ष्य था कि जब लौटें तो गोल्ड लेकर ही लौटे। इसी प्रकार महाराजगंज के समीर भी अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने गुरु माज़ खान को देते हैं।

### उरई विधायक के फर्जी लेटरपैड से डीआईजी को भेजा पत्र

**उरई।** मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी को भेजे गए एक संदिग्ध पत्र ने पुलिस को बड़े फर्जीवाड़े का पता लगा दिया। जालौन के उरई विधायक गौरी शंकर वर्मा के नाम और लेटरपैड पर भेजी गई इस सिफारिश की जांच में पता चला कि पत्र पूरी तरह फर्जी था। जांच में सामने आया कि गाजियाबाद के मुरादनगर निवासी गुलफामुद्दीन ने एक निजी लेन-देन विवाद में दबाव बनाने के लिए यह फर्जी दस्तावेज तैयार कर भेजा था। मामले की गोपनीय जांच एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने की और सत्यापन में विधायक ने स्पष्ट कर दिया कि न तो पत्र असली है, न हस्ताक्षर। डीआईजी की रिपोर्ट के आधार पर ब्रह्मपुरी थाने में आरोपी गुलफामुद्दीन के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर चुकी है। विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि पूरा प्रकरण जांच में स्पष्ट हो चुका है और अब आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई हो रही है।

### सड़क हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में औराई कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को अनियंत्रित कार की डंफर से टक्कर हो गईं। इस हादसे में कार सवार महिला समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गईं। घटना की जानकारी पर जिलाधिकारी शैलेश कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मौके पर पहुंच कर हादसे की जानकारी ली। घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि औराई कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग पर सुबह 11 बजे सड़क हादसा हुआ। कार में पांच लोग सवार थे। कार के आगे डंफर चल रहा था, उसी दौरान अनियंत्र कार डंफर से टकरा गईं। हादसे में वाराणसी निवासी विनय श्रीवास्तव की मौत हो गई। वहीं, घायल महिला स्वेता श्रीवास्तव ने सीएचसी औराई में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके अलावा घायल सीमा श्रीवास्तव, जैस, श्रेया गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया हैं।

# तेज रफ्तार ट्रक ने पांच लोगों को रौंदा, हंगामा

एजेंसी | पूर्वी चंपारण

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कोटवा थाना क्षेत्र स्थित दीपउ मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े पांच लोगों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि सभी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



### ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, सुरक्षा बढ़ी

बढ़ते तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल और दंगा नियंत्रण दस्ता (आरएएफ) तैनात कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि भीड़ के विरोध के चलते स्थिति संभालने में दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन शांति बहाल करने की कोशिश जारी है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है और उसके चालक की तलाश में विशेष टीम गठित कर दी गई है।

### अंधा मोड़ बना मौत का गड्ढा

ग्रामीणों का कहना है कि दीपउ मोड़ पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे होते रहते हैं, लेकिन न तो स्पीड ब्रेकर लगाए गए और न ही यातायात नियंत्रण की व्यवस्था सुधारी गई। लोगों ने चेतावनी दी है कि जब तक प्रशासन सुरक्षा उपायों की घोषणा नहीं करता, जाम नहीं हटाया जाएगा।

### हादसे के बाद उग्र प्रदर्शन, हाईवे जाम

घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। ग्रामीणों ने पाँचों शवों को सड़क पर रखकर नेशनल हाइवे-27 को दोनों ओर से जाम कर दिया। देखते ही देखते हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर भीड़ को समझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लोग चालक की तुरंत गिरफ्तारी और पीड़ित परिवारों के लिए मुआवज़े की मांग पर अड़े हुए हैं।

### घायलों में कई की हालत नाज़ुक

पुलिस के अनुसार हादसे में 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें कई की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। कुछ घायलों को बेहतर उपचार के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

# IVRI इज्जतनगर को नैक की ए डबल प्लस ग्रेड

एजेंसी | बरेली

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) इज्जतनगर ने इतिहास रचते हुए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से ए डबल प्लस की सर्वोच्च ग्रेडिंग हासिल कर ली है। यह गौरव पाने वाला आईसीएआर के डीम्ड विश्वविद्यालयों में देश का पहला संस्थान बन गया है, जिससे पशु चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में इसकी प्रतिष्ठा और बढ़ गई है।



### 135 वर्षों की शोध परंपरा को मिला राष्ट्रीय सम्मान

1889 में स्थापित आईवीआरआई लंबे समय से देश की पशुधन अर्थव्यवस्था और पशु स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार स्तंभ रहा है। अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, उन्नत पशु प्रक्षेत्र और नवाचार आधारित शोध इसे पशु चिकित्सा विज्ञान का प्रमुख केंद्र बनाते हैं। नैक की सर्वोच्च ग्रेडिंग ने एक बार फिर इसकी राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को नए शिखर पर पहुंचा दिया है।

### 3.58 सीजीपीए के साथ शीर्ष संस्थानों में शामिल

नैक ने संस्थान को 4 में से 3.58 का उत्कृष्ट सीजीपीए प्रदान किया है। 2 से 4 जून 2025 तक चली ऑन-साइट जांच में शिक्षण, शोध, नवाचार, प्रशासन, अधोसंरचना और सामाजिक उत्तरदायित्व—सातों प्रमुख मापदंडों पर आईवीआरआई को बेहतरीन प्रदर्शनकर्ता माना गया।

### नेतृत्व और टीमवर्क की मिसाल

आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, शिक्षकों, शोधार्थियों और कर्मचारियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उनके शब्दों में, "यह ग्रेड केवल सम्मान नहीं, बल्कि विश्वस्तरीय पशु चिकित्सा शोध और शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।" संस्थान के संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. एस.के. मेंदीरत्ता ने सफलता का श्रेय निदेशक डॉ. दत्त के दूरदर्शी नेतृत्व और आईक्यूएसी टीम—डॉ. मनीष महावर, डॉ. मधु सी.एल. तथा सभी

# फांसी लगाकर खत्म कर दी 'प्रेम कहानी'

एजेंसी | बिजनौर

उत्तर प्रदेश में बिजनौर जिले के एक गांव में रविवार को प्रेमीयुगल का शव पेड़ से लटका मिला। लड़की की कही और शादी तय हो गई थी, जिससे आहत होकर प्रेमी-प्रेमिका ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रकाश कुमार ने बताया कि जमालुद्दीनपुर गांव के बाहर एक पेड़ पर फांसी के फंदे से प्रेमी युगल के शव लटके मिले।इनकी पहचान जमालुद्दीनपुर गांव के ही रहने वाले युवक अंशु (21) और युवती शिवानी (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जिन दो दुपट्टों से फांसी लगाया गया वो शिवानी के बताए जा रहे हैं।



छानबीन के दौरान पता चला है कि किसान पिता का बेटा अंशु स्नातक छात्र था। शिवानी घरेलू काम में अपनी मां का हाथ बटाती थी। दोनों एक ही जाति से हैं। दोनों एक दूसरे से प्रेम करते और शादी करना चाहते थे। इसी दौरान लड़की की शादी दूसरी जगह तय हो गई। इससे आहत होकर प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

# कफ सीरप तस्करी: कोलकाता से मास्टरमाइंड गिरफ्तार

एजेंसी | सोनभद्र

उत्तर प्रदेश पुलिस ने कफ सीरप की अवैध तस्करी में शामिल बड़े मॉड्यूल पर एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए वाराणसी के प्रहलाद घाट निवासी भोला प्रसाद जायसवाल को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया। अंतरराज्यीय नेटवर्क का यह मास्टरमाइंड विदेश भागने की फिराक में था, तभी उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस अब ट्रांजिट रिमांड पर उसे सोनभद्र लेकर आएगी। एसपी अभिषेक वर्मा के अनुसार 18 अक्टूबर 2025 को सोनभद्र पुलिस ने दो कंटेनरों से 1,19,675 कफ सीरप की शीशियां बरामद की थीं। इसके बाद बृजमोहन और शिवहरि की गिरफ्तारी पर मिले इनपुट के आधार पर गाजियाबाद में संयुक्त छापेमारी की गई, जहां चार ट्रकों से भारी मात्रा में कफ सीरप और 20 लाख रुपये नकद फंडिंग मिली।



### भारी मात्रा में बरामदी, कई राज्यों में फैला नेटवर्क

जांच में पता चला कि भोला प्रसाद ने मेसर्स शैली ट्रेडर्स, रांची के नाम पर नकली बिलिंग कर सैकड़ों कंटेनरों में सीरप की सप्लाई उत्तर भारत के कई जिलों में फैलाई। एसआईटी ने भदोही, चंदौली, वाराणसी और सोनभद्र में करीब 25 करोड़ रुपये के फर्जी वित्तीय लेनदेन का खुलासा किया है। जांच में यह भी सामने आया कि जिन फर्मों के नाम पर बिलिंग की गई, उनमें से अधिकांश कागजी और अस्तित्वहीन थीं। संबंधित बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कर दिया गया है।

# दो जून की रोटी में 'सेलम' और 'खड़िया'

एजेंसी | फिरोजाबाद

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने शनिवार देर रात शहर के यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र स्थित ब्रहमलाल ट्रेडर्स पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मिलावटी आटा तैयार करने का धंधा पकड़ा। जांच में फैक्टरी में आटे में सेलम और खड़िया पाउडर जैसी खतरनाक सामग्री मिलाए जाने की पुष्टि हुई। टीम ने मौके से 30 क्विंटल आटा, 750 क्विंटल गेहूं और 7 बोरे संदिग्ध सफेद पाउडर बरामद किया। जब्त सामान का कुल मूल्य लगभग 20 लाख रुपये बताया गया है। सहायक आयुक्त (खाद्य) चंदन पांडेय के अनुसार, गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई। फैक्टरी पहुंचने पर सफेद पाउडर की बोरियां मिलने पर संचालक संजय गुप्ता से पूछताछ की गई, लेकिन वह कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। टीम ने आटा, गेहूं और मिक्सिंग पाउडर के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए। कार्रवाई के दौरान ही संजय गुप्ता मौके से चकमा देकर फरार हो गया, जबकि अधिकारी वहीं मौजूद थे। पुलिस में संजय गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश जारी है। कार्रवाई में मुख्यालय और मंडल स्तर के अधिकारियों की सक्रिय निगरानी रही। टीम में सहायक आयुक्त चंदन पांडेय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार कुवर, तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद्र, संदीप कुमार और यशपाल यादव शामिल थे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरी के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## व्यापार जगत

# जलवायु संकट से बढ़ी भारतीय निर्यात उद्योगों की चुनौती

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ नीतियों से पहले ही दबाव झेल रहे भारतीय निर्यात क्षेत्र के सामने अब जलवायु परिवर्तन एक नई बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। वैश्विक कंसल्टिंग फर्म बीसीजी (Boston Consulting Group) की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के प्रमुख निर्यात उद्योग—विशेषकर एल्युमीनियम, लोहा और स्टील—जलवायु जोखिमों के कारण गंभीर खतरे में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मौसम की चरम घटनाओं और बढ़ते पर्यावरणीय मानकों का सीधा असर उद्योगों की लाभप्रदता, उत्पादन क्षमता और दीर्घकालिक स्थिरता पर पड़ सकता है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इन सेक्टरों के संचालन पर भारी दबाव पैदा होगा।



### भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है: BCG

बीसीजी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीनियर पार्टनर सुमित गुप्ता ने बताया कि 'क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2026' के मुताबिक भारत उन शीर्ष 10 देशों में शामिल है जो जलवायु परिवर्तन की मार सबसे ज्यादा झेल रहे हैं। COP30 में पेश रिपोर्ट की चेतावनी स्पष्ट है—भारत अगर जलवायु जोखिमों की अनदेखी करता है, तो आर्थिक नुकसान बेहद विशाल हो सकता है।सुमित गुप्ता ने RBI और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2030 तक भारत की जीडीपी का लगभग 4.5% हिस्सा जलवायु से जुड़ी घटनाओं की वजह से जोखिम में है।

### कंपनियों की कमाई जोखिम में

बीसीजी के अनुमान के मुताबिक, 2050 तक वैश्विक कंपनियों के EBITDA का 5% से 25% तक हिस्सा सिर्फ जलवायु संबंधी जोखिमों के कारण प्रभावित हो सकता है। साफ है कि यह चुनौती अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बन चुकी है। भारत की कई कंपनियां अब इन जोखिमों को समझ रही हैं, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जल्द और ठोस नीति हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

# IPO बाजार: मीशो सहित 14 कंपनियां देंगी दस्तक

एजेंसी | नई दिल्ली

शेयर बाजार में लिस्टिंग का इंतजार कर रहे निवेशकों के लिए आने वाला सप्ताह काफी खास रहने वाला है। कुल 14 आईपीओ एक साथ खुलने जा रहे हैं, जिनमें मेन बोर्ड के तीन बड़े इश्यू और 11 एसएमई आईपीओ शामिल हैं। अनुमान है कि बाजार से 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम जुटाई जाएगी। मेन बोर्ड पर इस सप्ताह Meesho, Aequs और Vidya Wires अपने IPO लेकर आ रही हैं। सबसे ज्यादा चर्चा मीशो (Meesho) के बहुप्रतीक्षित आईपीओ की है, जो हफ्ते का सबसे बड़ा इश्यू होने जा रहा है। मीशो का 5,421 करोड़ रुपये का आईपीओ तीन दिसंबर को खुलेगा और पांच दिसंबर को बंद हो जाएगा।




### ए-क्वस् लिमिटेड IPO

Aequs कंपनी एयरोस्पेस और प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में काम करने वाली एक प्रमुख भारतीय कंपनी है, जो एयरबस और बोइंग जैसी वैश्विक कंपनियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पुर्जे बनाती है। कंपनी आने वाले दिनों में अपने विस्तार और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए पूंजी जुटाने की तैयारी कर रही है। इसी उद्देश्य से यह कंपनी अपना आईपीओ ला रही है, जिसके माध्यम से 118-124 रुपये प्रति शेयर के प्राइस बैंड पर कुल 921.81 करोड़ रुपये इकट्ठा करने की योजना है। यह पब्लिक इश्यू 3 दिसंबर को खुलेगा और 5 दिसंबर को बंद हो जाएगा। सामान्य निवेशकों के लिए आवेदन की न्यूनतम सीमा भी निश्चित की गई है। एक निवेशक को कम से कम 120 शेयरों का एक लॉट लेना होगा, जिसका कुल मूल्य लगभग 14,880 रुपये बैठेगा (ऊपरी प्राइस बैंड के अनुसार)।

# घरेलू बाजार में सोना—चांदी की कीमतें नए शिखर पर

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को सोना और चांदी दोनों ने जोरदार तेजी दिखाई, जिससे बाजार में पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। सोना आज 1,240 से 1,350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया, जबकि चांदी की कीमत में 8,900 रुपये प्रति किलोग्राम की तीखी बढ़ोतरी दर्ज की गई। देशभर के प्रमुख सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,29,820 से 1,29,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,000 से 1,19,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता नजर आया। इसी तरह दिल्ली में चांदी 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच गई, जिससे इसकी चमक पूरे सप्ताह की तरह आज भी बरकरार रही।

# चीन की सुस्त रफ्तार के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की दमदार छलांग

एजेंसी | नई दिल्ली

वैश्विक अर्थव्यवस्था के बदलते माहौल में चीन की आर्थिक मशीनरी लगातार दबाव में है। नवंबर माह में उसकी फैक्ट्री गतिविधि आठवें लगातार महीने भी सिकुड़ गई, जिससे देश की उत्पादन क्षमता पर बन रहा दबाव साफ झलक रहा है। दूसरी ओर भारत ने अपनी आर्थिक रफ्तार से दुनिया का ध्यान एक बार फिर खींच लिया है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 8.2 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि दर्ज कर सबको चौंका दिया।

### रियल स्टेट सेक्टर में मंदी



चीन पहले से ही रियल एस्टेट सेक्टर की मंदी, घटती घरों की कीमतों और निवेशकों के कमजोर भरोसे से जूझ रहा है। घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों और कई उपभोक्ता उत्पादों में कीमतों की जंग ने कंपनियों पर और दबाव बढ़ा दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अर्थव्यवस्था को मजबूत समर्थन की जरूरत है, लेकिन नीति निर्माताओं की ओर से बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन कदम फिलहाल नजर नहीं आ रहे। इसके विपरीत, भारत की आर्थिक तस्वीर काफी चमकीली दिखाई दे रही है। जुलाई—सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की ग्रोथ पिछली छह तिमाहियों का सबसे तेज रिकॉर्ड है, जिसने सभी अनुमानों को पीछे छोड़ दिया। खास बात यह है कि विनिर्माण क्षेत्र ने 9.1 प्रतिशत की उछाल के साथ इस वृद्धि की कमान संभाली।

### आर्थिक नीतियों से आई मजबूती

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारत की सुदृढ़ आर्थिक नीतियां, वैश्विक निवेश माहौल में बदलाव और बढ़ती उत्पादन क्षमता देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई धुरी बना सकती है। चीन की धीमी पड़ती गति के बीच भारत पर दुनिया का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है, और यह रफ्तार आने वाले महीनों में और मजबूत होती दिख सकती है। भारत सरकार द्वारा किए जा रहे सुधार—जैसे उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजनाएँ, इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े पैमाने पर निवेश, तेज़ी से फैलता डिजिटल इकोसिस्टम और स्थिर ब्याज दरों की नीति—निवेशकों के भरोसे को और मजबूत कर रहे हैं।

# नया रिकार्ड बनाने की तरफ बढ़ रहा सोना

एजेंसी | नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय संकेतों और घरेलू मांग के बीच सोने की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर गोल्ड फ्यूचर लगातार चौथे महीने हरे निशान में बंद हुआ है। शुक्रवार को फरवरी 2026 डिलीवरी वाले कॉन्ट्रैक्ट का भाव 1,932 रुपये यानी 1.51% उछलकर 1,29,599 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया। यह दर अभी भी अक्टूबर 2025 में छुए गए 1,32,294 रुपये के ऐतिहासिक स्तर से करीब 2,700 रुपये कम है। यानी थोड़ी और तेजी से सोना एक बार फिर रिकॉर्ड के बेहद करीब होगा।



### फेड की दर कटौती की उम्मीदें

सोने की मौजूदा तेजी के पीछे अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में संभावित कटौती सबसे बड़ा कारण मानी जा रही है। बाजार में अनुमान है कि दिसंबर बैठक में फेड 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर सकता है, जिसकी संभावना 87% तक पहुंच गई है।

### शादी के मौसम में मांग बढ़ी

भारत में नवंबर से मध्य दिसंबर तक चलने वाला शादी का सीजन भी कीमतों को सहारा दे रहा है। अनुमान है कि इस अवधि में करीब 45-50 लाख शादियां होंगी, जिसके चलते ज्वेलरी की मांग तेज बनी हुई है। महंगे सोने के कारण भले ही कम कैरेट के गहनों की खरीद बढ़ी है, लेकिन कुल मिलाकर बाजार में रौनक बनी हुई है। उधर, एशिया के अन्य प्रमुख बाजारों में ऊंचे दामों ने खुदरा खरीदारी को कम किया है।

# 52 गेंदों में ठोंके 148 रन अभिषेक का तूफानी सैकड़ा



## टी-20 इतिहास का चौथा सबसे बड़ा स्कोर बना 310 रन

एजेंसी । नई दिल्ली

अभिषेक शर्मा ने विस्फोटक बल्लेबाज़ी करते हुए सिर्फ 52 गेंदों में 148 रन ठोक दिए, जिसमें 16 छक्के शामिल थे। उनकी स्ट्राइक रेट रही 284.62 की। उनके तूफानी शतक की बदौलत पंजाब ने टी-20 इतिहास का चौथा सबसे बड़ा स्कोर 310 रन खड़ा कर दिया। प्रभसिंरण सिंह (70 रन 35 गेंद), रामनदीप सिंह (39 रन 15 गेंद) और संवीर सिंह (22 रन 8 गेंद ) ने भी ताबड़तोड़ योगदान दिया। पंजाब ने अपनी पारी में कुल 28 छक्के लगाए। बंगाल की ओर से मोहम्मद शमी ने 4 ओवर में 61 रन दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बंगाल 112 रन से हार गया, हालांकि अभिमन्यु ईश्वरन ने 66 गेंदों पर 130 रन की शानदार पारी खेली। अक्षत दीप ने भी 7 गेंदों में 31 रन बनाकर चमक दिखाई, लेकिन टीम जीत से दूर रह गई।

## ईशान किशन ने बनाए 113 रन

ईशान किशन ने 50 गेंदों में नाबाद 113 रन (10 चौके, 8 छक्के) ठोकते हुए झारखंड को 182 रन के लक्ष्य तक 15 गेंदें शेष रहते पहुँचा दिया। विराट सिंह ने भी ईशान के साथ तीसरे विकेट पर 127 रन की साझेदारी निभाते हुए 40 गेंदों पर 53 रन जोड़े। त्रिपुरा की पारी का आधार निचले क्रम की पारियों ने बनाया, जिसमें विजय शंकर (59 रन 41 गेंद) और एम. मुरासिंह (42 रन 21 गेंद) के महत्वपूर्ण योगदान रहे। विकाश सिंह और अनुकूल रॉय ने 2-2 विकेट हासिल किए।

## महाराष्ट्र बनाम चंडीगढ़

चंडीगढ़ के मनन वोहरा ने 48 गेंदों में नाबाद 72 रन बनाकर टीम को 139 रन का लक्ष्य 5 विकेट खोकर दिला दिया। चंडीगढ़ की शुरुआत कमजोर रही और टीम 43/3 पर संघर्ष कर रही थी। इस दौरान वोहरा और निखिल ठाकुर के बीच 55 रन की साझेदारी ने पारी संभाली। इससे पहले महाराष्ट्र की ओर से अर्शिन कुलकर्णी ने 41 गेंदों पर 47 रन बनाए। विकी ओस्तवाल ने 16 गेंदों पर 28 रन जोड़कर पारी को गति देने की कोशिश की।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पंजाब ने बंगाल को रौंदा

### कर्ण शर्मा ने दिलाई जीत

रेलवे के कप्तान कर्ण शर्मा ने गेंद और बल्ले दोनों से असर दिखाया। उन्होंने पहले 2/23 के शानदार आंकड़े दर्ज किए जबकि पहले ही ओवरों में अतुल राय और राहुल शर्मा ने बढ़िया गेंदबाज़ी कर असम को 132/7 पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रेलवे लड़खड़ा गया। अक्षत पांडे ने 47 गेंदों पर 36 रन की धीमी पारी खेली, लेकिन अंत में कर्ण शर्मा के 16 गेंदों पर 24 रन के दम पर रेलवे ने मैच को दो गेंदें शेष रहते जीत लिया।

# आलराउंडर आंद्रे रसेल ने IPL को कहा गुडबाय

एजेंसी । नई दिल्ली

आईपीएल 2026 ऑक्शन से पहले वेस्टइंडीज के धाकड़ ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने लीग से संन्यास लेकर सभी को हैरान कर दिया। कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा रिलीज किए जाने के बाद रसेल ने इंस्टाग्राम पर घोषणा की कि वे अब किसी भी टीम के लिए नहीं खेलेंगे। हालांकि, उनका रिश्ता केकेआर से बरकरार रहेगा—वे अगले सीजन में टीम के सपोर्ट स्टाफ में 'पावर कोच' के तौर पर नई भूमिका निभाएंगे।

रसेल ने आईपीएल करियर में 140 मैचों में 174.18 की स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाए और 123 विकेट अपने नाम किए। 2014 और 2024 में उन्होंने केकेआर को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दो बार 'मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर' चुने जाने वाले रसेल ने 223 छक्कों के साथ लीग के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में अपनी पहचान बनाई।

## इंस्टाग्राम पर की घोषणा, कहा- अब किसी भी टीम के लिए नहीं खेलेंगे

### फॉर्म और फिटनेस की मार

पिछला सीजन रसेल के लिए निराशाजनक रहा। 2025 में वह न रन बना पाए, न गेंद से प्रभावशाली प्रदर्शन कर पाए। केकेआर ने उन्हें रिलीज किया, जिससे टीम को 12 करोड़ रुपये की पर्स वैल्यू मिली। रसेल ने साफ कहा कि सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें दूसरी टीमों की जर्सी में देखकर वे बेचैन रहने लगे थे। "मैं खुद को किसी और टीम के लिए खेलते हुए सोच भी नहीं सकता। केकेआर मेरे लिए परिवार है," उन्होंने भावुक होकर लिखा। हालांकि उन्होंने आईपीएल को अलविदा कह दिया है।



# फ्लेमिंगो ने चौथी बार जीता कोपा लिबर्टाडोरेस



**लिमा।** दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल की सबसे बड़ी क्लब प्रतियोगिता कोपा लिबर्टाडोरेस का खिताब एक बार फिर फ्लेमिंगो के नाम रहा। शनिवार को एस्टादियो मोन्यूमेंटल में खेले गए फाइनल में ब्राज़ीलियाई दिग्गज ने पाल्मेरास को 1-0 से मात देकर अपनी चौथी ट्रॉफी हासिल की और टूर्नामेंट में ब्राज़ील की सबसे सफल टीम बनने का गौरव भी अपने नाम कर लिया।

मैच में दोनों टीमों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला, लेकिन जीत का रास्ता दूसरे हाफ में खुला। 67वें मिनट में अरास्काइता के कार्नर पर सेंटर-बैक डैनिलो ने हवा में उछलकर बेहतरीन हेडर लगाया, जो नेट में समा गया और अंत तक निर्णायक साबित हुआ। इस जीत ने फ्लेमिंगो की 2021 फाइनल में पाल्मेरास से मिली 1-2 की कड़वी हार का बदला भी पूरा कर दिया। क्लब 2025 में खिताबों की हैट्रिक की ओर बढ़ रहा है—ब्राज़ीलियन सुपर कप जीतने के बाद अब घरेलू लीग खिताब से भी वह सिर्फ दो अंकों की दूरी पर है। 2019 के बाद यह फ्लेमिंगो का तीसरा और कुल चौथा कोपा लिबर्टाडोरेस खिताब है। इस जीत के साथ टीम अर्जेंटीना के एस्तुदियान्तेस के बराबर आ खड़ी हुई है, जबकि इंडिपेंडिएंते अभी भी सात खिताबों के साथ शीर्ष पर है।

क़तर ग्रां प्री क्वालिफाइंग

# पियास्त्री ने मारी बाज़ी

## नॉरिस दूसरे और वेरस्टापेन तीसरे स्थान पर



**दोहा।** क़तर ग्रां प्री की क्वालिफाइंग सत्र में मैकलेरन के ऑस्कर पियास्त्री चमकते हुए सामने आए और अपने टीममेट और चैम्पियनशिप लीडर लैंडो नॉरिस को पछाड़कर पोल पोज़िशन पर कब्ज़ा जमाया। खिताबी दौड़ में शामिल शीर्ष तीन ड्राइवर—पियास्त्री, नॉरिस और वेरस्टापेन—ग्रिड के पहले तीन स्थानों पर रहे, जिससे रविवार की रेस बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

अंतिम चरण में नॉरिस ने 1:19.495 के साथ सर्किट रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन पियास्त्री ने तुरंत 1:19.387 का तेज़ लैप चलाकर उनसे पोल छीन लिया। नॉरिस अपने आखिरी प्रयास में कार के अंडरस्टियर के कारण लैप पूरा नहीं कर सके। पियास्त्री ने कहा, कार पूरे सेशन में शानदार लगी। जब सब कुछ सही चल रहा हो, तो बदलाव की ज़रूरत नहीं। रेड बुल के मैक्स वेरस्टापेन तीसरे स्थान पर रहे और क़तर में लगातार तीसरी जीत की कोशिश में हैं। हालांकि उन्होंने फिर शिकायत की कि उनकी कार तेज़ रफ़्तार में उछल रही है, जिससे वे पियास्त्री के समय से 0.264 सेकंड पीछे रह गए।


### जार्ज रसेल चौथे स्थान पर

ग्रिड में बाकी स्थान की बात करें तो जार्ज रसेल चौथे, मर्सिडीज के किमी एंटोनेली पाँचवें, इसाक हद्जार छठे, कार्लोस सैंज़ सातवें, फर्नांडो अलोंसो आठवें, पियरे गैस्ली नौवें और चार्ल्स लेक्लेर दसवें स्थान पर हैं। लेक्लेर आखिरी चरण में घूम गए, जिसके बाद ट्रैक पर मलबा हटाने के लिए सत्र रोकना पड़ा। सैंज़ की कार के 'अनसेफ रिलीज़' पर विलियम्स को 5,000 यूरो का जुर्माना भी लगा। सात बार के विश्व चैम्पियन लुईस हैमिल्टन क्वालिफाइंग में एक बार फिर जूझते दिखे और शुरुआती दौर से बाहर होकर 18वें स्थान पर रहे। हालांकि सॉबर के गैब्रियल बोर्तोलेतो की पेनल्टी के चलते वे एक पायदान ऊपर आएंगे।

## बॉ ली वु ड

# सारा और कृष ने की शादी की घोषणा

एक्ट्रेस सारा खान और एक्टर कृष पाठक ने अपनी शादी की तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। दोनों 5 दिसंबर 2025 को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। कपल ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत प्री-वेडिंग वीडियो शेयर किया, जिसे फैंस और सेलेब्स ने खूब सराहा। सारा और कृष ने जो वीडियो शेयर किया, उसमें लिखा था-'दो धर्मों का मिलन, एक प्यार।' वीडियो में कपल मंदिर और मस्जिद दोनों के बाहर पोज करते नजर आया। सारा हरे लहंगे में बेहद खूबसूरत लगीं, जबकि कृष ने व्हाइट कुर्ता पहन रखा था। दोनों अपने इस नए सफर को लेकर बेहद उत्साहित दिखाई दिए। कैप्शन में कपल ने लिखा कसमें 5 दिसंबर 2025 को ली जाएंगी। वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर बधाइयों की बौछार शुरू हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सारा और कृष पहले ही अक्टूबर में इंटरफेथ कोर्ट मैरिज कर चुके हैं। कपल करीब एक साल से डेटिंग कर रहा था और फिर साथ रहने का फैसला लिया। वीडियो और तस्वीरों में कृष के साथ उनकी मां भारती पाठक भी नजर आईं। कृष टीवी इंडस्ट्री में नए नहीं हैं-वे



रामायण में लक्ष्मण की भूमिका निभाकर फेमस हुए एक्टर सुनील लहरी के बेटे हैं। हालांकि, कृष के माता-पिता का तलाक तब हो गया था जब वे सिर्फ 9 महीने के थे। उन्हें उनकी मां ने ही पाला-पोसा, इसी कारण वे पाठक सरनेम का इस्तेमाल करते हैं और अपनी मां के बेहद करीब हैं।

'आस्तीन का सांप' वाले कमेंट से गरमाया माहौल

# बिग बॉस घर में हलचल तेज



सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अब अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुका है। लगभग 14 हफ्तों तक चले इस सीजन का फिनाले अब सिर्फ एक हफ्ते दूर है। फैंस जहां शो के खत्म होने से उदास हैं, वहीं वे अपने पसंदीदा कंटेस्टेंट को ट्रॉफी उठाते देखने के लिए उत्साहित भी हैं। फिनाले से पहले हर साल होने वाली परंपरा की तरह इस बार भी बिग बॉस हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। 'वीकेंड का वार' के बाद प्रसारित होने वाले इस एपिसोड में मीडिया ने फाइनलिस्ट कंटेस्टेंट्स से कई तीखे और सीधे सवाल पूछे। X (पूर्व ट्विटर) पर एक फैन पेज की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में फरहाना भट्ट, प्रणित मोरे और तान्या मित्तल सबसे ज्यादा निशाने पर रहे। मीडिया ने फरहाना से उनके शो में किए गए बयान पर सवाल किया। उनसे पूछा गया कि जब उनकी मां घर में टीवी देखती थीं, तब वह खुद कश्मीर में किस जगह पर मौजूद थीं? इस पर फरहाना ने कहा कि जिस उम्र में बाकी बच्चे टीवी देख रहे थे, उस उम्र में वह काम कर रही थीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तान्या मित्तल की भी पोल खोली गई। मीडिया ने बताया कि तान्या घर में सभी के बारे में पीठ पीछे बातें करती हैं-यहां तक कि अपनी करीबी दोस्त फरहाना की भी।


सबसे ज्यादा तीखे सवाल प्रणित मोरे पर पूछे गए। मीडिया ने उन्हें घर का 'कटप्पा' और 'आस्तीन का सांप' तक कहा। आरोप यह था कि प्रणित ने कई मौकों पर अपने ही दोस्तों को नुकसान पहुंचाया चाहे वह अभिषेक बजाज के एविक्शन का मुद्दा हो या फिर मालती चाहर से उनकी दोस्ती की कहानी। मीडिया का कहना था कि उनकी रणनीतियां ऐसी रही हैं, जिनसे साथ रहने वाले घरवाले ही सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। घरेलू माहौल में आए इस उबाल के बाद अब दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस किस दिन टेलीकास्ट होगी। फिनाले से पहले यह एपिसोड घरवालों की असल तस्वीर सामने ला सकता है।

# जया बच्चन ने पैपराजी पर जताई नाराजगी



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान पैपराजी के व्यवहार पर नाराजगी जाहिर की। जया बच्चन का पैपराजी से नाराज होना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस बार उन्होंने खुलकर बताया कि उनके मन में पैप्स के लिए सम्मान क्यों नहीं है। जया बच्चन ने कहा कि उनका मीडिया से पुराना और सम्मानजनक रिश्ता है क्योंकि वह खुद एक पत्रकार के घर में पली-बढ़ी हैं। लेकिन पैपराजी को उन्होंने मीडिया का हिस्सा मानने से इनकार कर दिया। जया के मुताबिक, कई पैप्स बिना किसी ट्रेनिंग या जिम्मेदारी के सिर्फ एक मोबाइल लेकर सेलिब्रिटीज की प्राइवेसी में दखल देते हैं।

उन्होंने कहा,'मीडिया से मेरा रिश्ता बहुत अच्छा है, लेकिन पैपराजी से कोई रिश्ता नहीं। ये लोग हैं कौन? क्या ये पढ़े-लिखे हैं? क्या ये असली मीडिया की तरह काम करते हैं? बाहर टाइट पैंट पहनकर, मोबाइल हाथ में लिए इधर-उधर घूमते हैं और फोटो खींचते रहते हैं।' संवाद के दौरान जया ने बताया कि एक बार उनकी स्टाफ मेंबर ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें काफी नफरत मिलती है। इस पर जया बच्चन ने जवाब दिया,'मुझे फर्क नहीं पड़ता। आपकी राय है कि आप मुझसे नफरत करते हैं, मेरी राय है कि मुझे भी आप बिल्कुल पसंद नहीं। आप एक चूहे की तरह किसी के घर में मोबाइल लेकर घुस आते हैं।' जया बच्चन ने उन सितारों की भी आलोचना की जो जानबूझकर एयरपोर्ट पर पैपराजी को बुलाते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर आपको एयरपोर्ट पर फोटो खिंचवाने के लिए खुद लोगों को बुलाना पड़े, तो फिर आप किस तरह के सेलिब्रिटी हैं?' उन्होंने यह भी बताया कि उनका पोता अगस्त्य बच्चन किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं है, और वह इसके पक्ष में भी नहीं हैं कि युवा कलाकार अपनी पब्लिसिटी के लिए हर जगह कैमरों के सामने आएं। काम की बात करें तो जया बच्चन आखिरी बार 2023 में 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आई थीं। अब वह विकास बहल की आगामी फिल्म 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' में दिखाई देंगी।



# 'डाइस इरा' हॉरर फिल्म: थिएटर में हुई HIT

## 5 दिसंबर से आ रही है OTT पर खौफ फैलाने

छोटे बजट की हॉरर फिल्म 'डाइस इरा' ने थिएटर में धमाल मचाया और अब यह 5 दिसंबर से जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। 'डाइस इरा' मलयालम भाषा की हॉरर थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन राहुल सदासिवन ने किया। फिल्म में प्रणव मोहनलाल, सुष्मिता भट्ट, गिबिन गोपीनाथ और शाइन टॉम चाको जैसे कलाकार नजर आए। फिल्म का बजट लगभग 24 करोड़ रुपये था, जबकि यह दुनियाभर में 82 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। दर्शकों और क्रिटिक्स ने फिल्म की कहानी और हॉरर एलिमेंट्स की जमकर तारीफ की। फिल्म अब 5 दिसंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसे मलयालम के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में भी देखा जा सकेगा। थिएटर में मिली सफलता के बाद अब फिल्म की ओटीटी व्यूअरशिप पर सभी की नजरें लगी हैं। फिल्म में प्रणव मोहनलाल रोहन शंकर का किरदार निभा रहे हैं, जो एक घर में अकेले रहता है। एक दिन उसे पता चलता है कि उसकी क्लासमेट कानी अब इस दुनिया में नहीं रही और उसने आत्महत्या कर ली है।

रूस, यूक्रेन, चीन, मंगोलिया और साइबेरिया से सेंट्रल एशिया के रास्ते भारत पहुंचे परदेशी

# पेलिकन, ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क, पेंटेड स्टॉर्क से गुलजार सूर सरोवर

- सर्दी के दस्तक देते ही कीठम झील पहुंचा परदेशी परिंदों का कारवां
- आठ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में है 126 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों का घर

एजेंसी | आगरा

सर्दियां दस्तक दे चुकी हैं और इसी के साथ कीठम झील एक बार फिर परिंदों के परदेशी कारवां से गुलजार हो उठी है। सूर सरोवर पक्षी विहार, जिसे रामसर साइट का दर्जा प्राप्त है, इन दिनों हजारों किलोमीटर दूर से उड़कर आए विदेशी प्रवासी पक्षियों से आबाद है। रूस, यूक्रेन, चीन, मंगोलिया और साइबेरिया से सेंट्रल एशियन फ्लाईवे के रास्ते आने वाले इन मेहमानों में इस बार रोजी पेलिकन और डालमेशन पेलिकन भी शामिल हैं, जो यहां की खास आकर्षण बने हुए हैं। प्रवासी पक्षियों की बढ़ती गतिविधियों को देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटकों की आवाजाही तेज है। झील के शांत जल, चारों ओर फैले हरित क्षेत्र और पक्षियों के मधुर कलरव ने कीठम को सर्दियों के सबसे खूबसूरत बर्ड-वॉचिंग स्पॉट में बदल दिया है।



### सुरक्षा और मॉनिटरिंग हुई तेज

सूर सरोवर बर्ड सेंचुरी के रेंजर अंकित यादव के अनुसार, बढ़ती पर्यटक संख्या को देखते हुए प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। गश्त बढ़ाई गई है और पक्षियों के व्यवहार व संख्या पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है ताकि पर्यावरणीय संतुलन और उनका प्राकृतिक आवास सुरक्षित रह सके।

### कौन-कौन से मेहमान पहुँचे कीठम

कीठम में परदेशी पक्षियों की बात करें तो बार-हेडेड गूज, नोर्दन पिनटेल, कॉमन टील, ग्रेट कोर्मोरेंट, नोर्दन शोवलर, पाइड एवोसेट, कॉमन पोचार्ड, विस्लिंग टील, कॉटन पिग्मी गूज के साथ ही कई संकटग्रस्त प्रजातियों की भी उपस्थिति दर्ज हुई है, जिनमें डालमेशन पेलिकन, ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क, पेंटेड स्टॉर्क, ब्लैक-हेडेड आईबिस और रिवर टर्न शामिल

### ठंड बढ़ेगी, तो बढ़ेगा परिंदों का मेला

जैसे-जैसे तापमान और गिरेगा, प्रवासी पक्षियों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। फिलहाल झील पर दिखने वाले रोजी पेलिकन, डालमेशन पेलिकन, सारस क्रेन और बार-हेडेड गूज यहां की रौनक बढ़ा रहे हैं, जबकि अन्य विदेशी पक्षियों के आगमन का सिलसिला जारी है।

### आसान पहुंच और रोमांचक अनुभव

दिल्ली-आगरा राजमार्ग के समीप स्थित कीठम झील तक पहुंचना बेहद सुविधाजनक है। वाहन कुछ दूर तक पार्क किए जा सकते हैं, जिसके बाद घने जंगलों के बीच पैदल चलकर पर्यटक झील और आसपास के वन्यजीवों को नजदीक से देख सकते हैं। यहां हॉग डियर, नीलगाय, स्पॉटेड डियर और मॉनिटर लिज़र्ड भी आसानी से नजर आते हैं।

### कीठम झील: जैव विविधता का केंद्र

उत्तर प्रदेश के 10 रामसर स्थलों में शामिल सूर सरोवर पक्षी विहार को अंतरराष्ट्रीय महत्व की वेटलैंड मानी जाती है। 1991 में वन्यजीव अभयारण्य घोषित की गई कीठम झील आज 8 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विस्तारित है और 126 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों का घर है। यहां उभरे प्राकृतिक टापू, स्वच्छ जल और भरपूर भोजन प्रवासी परिंदों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करते हैं। यही कारण है कि यहां परिंदों की आवक हर साल बढ़ती जा रही है। 2025 के एशियन वाटरबर्ड सेंसस में 3,839 जलपक्षी दर्ज किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1,500 से अधिक हैं।

# 'मैकॉले मानसिकता' से मुक्त हो नई राह पर भारत : उपराष्ट्रपति




एजेंसी | कुरुक्षेत्र

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि भारत अब औपनिवेशिक सोच से बाहर निकलकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों और परंपराओं पर आधारित आधुनिक शिक्षा मॉडल की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने देश को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में नई रफ्तार दी है। एनआईटी कुरुक्षेत्र के 20वें दीक्षांत समारोह में संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन भूमि सिखाती है कि सदैव धर्म की ही विजय होती है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत केवल डिग्री देने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, सीख और नए उत्तरदायित्वों की शुरुआत का अवसर है।

उन्होंने एआई, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में तेज़ी से हो रहे बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीक का उद्देश्य मानव-कल्याण और सार्थक प्रगति होना चाहिए। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों ने युवा उद्यमियों को नई ताकत दी है। "अगला गूगल, टेस्ला या स्पेस-एक्स भारत से ही निकलना चाहिए, और ऐसे संस्थान यह सम्भव बना सकते हैं," उन्होंने कहा।

### शिक्षा नीति बदल रही परिवेष

राधाकृष्णन ने मैकॉले की औपनिवेशिक शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति देश को उस मानसिकता से पूरी तरह मुक्त करने का कार्य कर रही है। उन्होंने एनआईटी में स्थापित 'समग्र व्यक्तित्व विकास केंद्र' की सराहना की, जहां भगवद्गीता, मानव मूल्यों, संज्ञान विज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित शिक्षण मॉडल अपनाया जा रहा है।

### एनआईटी के पास 64 पेटेंट

उन्होंने बताया कि एनआईटी कुरुक्षेत्र अब तक 64 पेटेंट हासिल कर चुका है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध तकनीक, रक्षा अनुसंधान तथा इसरो के चंद्रयान और मंगलयान अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल आशीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, निदेशक बी.वी. रमण रेड्डी और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अध्यक्ष तेजस्विनी अनंता कुमार सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ी, बीएसएफ सक्रिय

**जम्मू/कश्मीर।** पाकिस्तान की ओर से बढ़ती हलचल और हालिया घटनाओं को देखते हुए बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत कर दी है। शनिवार को सीमा क्षेत्र में व्यापक गश्ती अभियान चलाया गया, जिसमें बीएसएफ जवानों के साथ स्थानीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। अधिकारियों ने आईबी के विभिन्न संवेदनशील बिंदुओं का निरीक्षण कर तैनाती की स्थिति को परखा। दुश्मन देश से किसी भी तरह की घुसपैठ या नापाक गतिविधि को रोकने के लिए सीमा पार नालों, पुलिया, चराई के स्थानों और नहरों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। जवानों का कहना है कि वे 24 घंटे चौकसी में लगे हुए हैं और हर प्रकार की हरकत पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार हैं। हाल के समय में ड्रोन के जरिए हथियार और मादक पदार्थ भेजने की बढ़ती कोशिशों को देखते हुए सीमा पर ड्रोन मूवमेंट पर विशेष नजर रखी जा रही है। जवानों के अनुसार रात में निगरानी के लिए अतिरिक्त लाइट्स, इन्फ्रारेड सिस्टम और आधुनिक उपकरण तैनात किए गए हैं।

### बर्थडे पार्टी में तड़तड़ाई गोलियां, चार की मौत

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के सेंट्रल वैली के स्टॉकटन शहर में रविवार शाम जन्मदिन समारोह में हुई गोलीबारी में 4 लोगों की मौत हो गई। घटना में कम से कम 10 अन्य लोगों को गोली है। यह वारदात स्टॉकटन से करीब छह मील उत्तर में ल्यूसिल एवेन्यू के पास शाम करीब छह बजे हुई। सीएनएन और सीबीएस न्यूज चैनल की रिपोर्ट में पुलिस और सैन जोकिन काउंटी शेरिफ ऑफिस के हवाले से घटना की जानकारी दी गई। पुलिस और शेरिफ ऑफिस का कहना है कि संदिग्ध फरार है। शेरिफ ऑफिस की प्रवक्ता हीथर ब्रेंट ने बताया कि गोलीबारी ल्यूसिल एवेन्यू के पास डेयरी क्वीन के पीछे एक बैंक्वेट हॉल में हुई।

### मशहूर टीचर अवध ओझा ने राजनीति से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** मशहूर टीचर अवध ओझा ने राजनीति से संन्यास ले लिया है। इसके साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी (AAP) भी छोड़ दी। इसी साल अवध ओझा ने आम आदमी पार्टी के टिकट पर दिल्ली के पटपड़गंज विधानसभा से चुनाव लड़ा था। मगर उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। राजनीति से संन्यास लेने के बाद अवध ओझा ने एक पॉडकास्ट में बताया कि वह पहले से ज्यादा खुश हैं क्योंकि अब वो अपने मन की बात खुलकर बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने के बाद उन्हें समझ में आया कि वह इसके लिए बने ही नहीं हैं।

# पाकिस्तानी जेल में भारत के मछुआरे की मौत

एजेंसी | पूर्व मेदिनीपुर

पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के पाइकबाड़ गांव के मछुआरे स्वप्न राणा की पाकिस्तान की जेल में मौत हो गई है। दो साल से अधिक समय से बंदी रहे स्वप्न की मौत की आधिकारिक सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीणों में शोक की लहर फैल गई है। सरकार ने उनका पार्थिव शरीर भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### जल सीमा पार करने पर पकड़ा गया था

गांव के रहने वाले स्वप्न राणा मछली पकड़ते समय अनजाने में समुद्री सीमा पार कर पाकिस्तान के जलक्षेत्र में चले गए थे। पाक समुद्री पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था, जहां वे लगभग दो वर्ष तक बंद रहे। इसी दौरान उनके निधन की खबर अचानक जिला प्रशासन के माध्यम से परिवार तक पहुंची।



### परिवार के मन में उठ रहे सवाल

प्रशासन ने बताया कि विदेश मंत्रालय से लगातार संपर्क रखा जा रहा है ताकि शव को जल्द भारत लाया जा सके। लेकिन परिवार और स्थानीय लोगों का कहना है कि मौत का वास्तविक कारण अभी तक सामने नहीं आया है। उनका सवाल है कि जेल में स्वप्न को कैसी चिकित्सा और सुविधा मिली? क्या सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम थे? और क्या उन्हें समय पर इलाज मिला? इन सवालों का फिलहाल कोई जवाब नहीं है, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई है।

### मछुआरा समुदाय ने जताई चिंता

पूर्व मेदिनीपुर जिला मछुआरा विकास समिति के अध्यक्ष अमीन सोहेल ने परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिया। उन्होंने कहा, "स्वप्न हमारे समुदाय का एक साथी था, परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। हम प्रशासन के साथ मिलकर सभी औपचारिकताओं में मदद करेंगे।" सोहेल ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा 1 जुलाई 2025 को जारी विदेशी कैदियों की सूची में स्वप्न राणा का नाम भी था।

पाकिस्तानी आका शहजाद भट्टी के इशारे पर रचा रहे थे हमलों की साजिश

# दिल्ली स्पेशल सेल ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार

- भारत को दहलाने की साजिश नाकाम



एजेंसी | नई दिल्ली

राजधानी पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय पाकिस्तान-प्रायोजित मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है, जो पाकिस्तान में बैठे शहजाद भट्टी नामक हैंडलर के निर्देश पर भारत में हमलों की साजिश रच रहे थे। एसीपी स्पेशल सेल प्रमोद कुमार कुशवाहा ने बताया कि मॉड्यूल का संचालन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के संरक्षण में चल रहा था। वहां बैठे शहजाद भट्टी सोशल मीडिया के माध्यम से भारत के युवाओं को अपने जाल में फंसा रहा था और उन्हें हमले, फंडिंग और लॉजिस्टिक्स के निर्देश भेजता था। गिरफ्तार किए गए युवक पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के निवासी हैं, इनकी पहचान हरगुनप्रीत सिंह, निवासी फिरोजपुर, पंजाब, विकास प्रजापति, निवासी दतिया, मध्य प्रदेश और आसिफ उर्फ आरिश, निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

# शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में विपक्ष का हमला

- सुरक्षा और लोकतंत्र पर सरकार से जवाबदेही की मांग

एजेंसी | कुरुक्षेत्र

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले शनिवार को हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने सरकार पर एक बार फिर तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने देश की सुरक्षा व्यवस्था, लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय प्रक्रियाओं पर कथित हमलों को लेकर चिंता जताई। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि इस बार शीतकालीन सत्र केवल 15 बैठकों का होगा, जो अब तक के सबसे छोटे सत्रों में गिना जाएगा। उनके मुताबिक, 'सत्र देर से बुलाया गया और बहुत छोटा रखा गया। इससे लगता है कि सरकार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को कमजोर करना चाहती है।'



### सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर विपक्ष का दबाव

गोगोई ने कहा कि विपक्ष ने बैठक में देश की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठाए। हाल ही में दिल्ली में हुए बम धमाके का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह कानून व्यवस्था की विफलता का संकेत है, लेकिन सरकार इस पर चर्चा कराने के लिए भी तैयार नहीं दिखती। इसके साथ ही वायु प्रदूषण, किसानों-मजदूरों की आय में गिरावट और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं को लेकर भी विपक्ष ने सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाया।

### विदेश नीति और डेटा सुरक्षा पर भी चिंता

कांग्रेस नेता ने विदेश नीति को लेकर भी सरकार की आलोचना की। उनका कहना था कि "भारत किसी बाहरी दबाव में आकर रूस से तेल आयात कम कर रहा है," जिससे देशहित प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों के डेटा की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए भी पर्याप्त तैयारी नहीं हुई है।

# एक्सपायर्ड वीज़ा के साथ पहुंचीं सात विदेशी महिलाएं

एजेंसी | पटना/गया

अंतरराष्ट्रीय पर्यटन सीजन के बीच गया जी एयरपोर्ट पर सुरक्षा और वीज़ा जांच कड़ी कर दी गई है। रविवार को एयरपोर्ट पर मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड की कुल सात विदेशी महिलाओं को एक्सपायर वीज़ा के साथ प्रवेश करने की कोशिश पर रोक दिया गया। सभी महिलाएं थाई एयर एशिया और थाई एयरवेज की उड़ानों से बोधगया पहुंची थीं। एयरपोर्ट प्रभारी निदेशक अवधेश कुमार के मुताबिक इमिग्रेशन जांच के दौरान वीज़ा एक्सपायर पाए जाने पर सभी यात्रियों को एयरपोर्ट परिसर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई।

मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड से आई थीं बोधगया




### तीन दिनों में 19 विदेशी यात्री रोके गए

गया एयरपोर्ट पर वीज़ा से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। पिछले तीन दिनों में ही 19 विदेशी यात्रियों को या तो बिना वीज़ा या एक्सपायर वीज़ा के कारण रोका गया है। गुरुवार को भी कंबोडिया से आए एक चार्टर्ड विमान के 12 यात्रियों को रोका गया था, जिनमें सात महिलाएं और पांच बौद्ध भिक्षु शामिल थे।

# SIR की समय सीमा एक सप्ताह आगे बढ़ी

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के 12 राज्यों में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की समय-सीमा चुनाव आयोग ने एक सप्ताह बढ़ा दी है। अब मसौदा मतदाता सूची 9 दिसंबर की जगह 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित होगी, जबकि अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी। आयोग ने संशोधित कार्यक्रम की जानकारी आधिकारिक विज्ञप्ति के माध्यम से दी।



चुनाव आयोग का कहना है कि संशोधित कार्यक्रम का उद्देश्य प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी रखना है, ताकि अंतिम सूची अधिक सटीक और त्रुटिरहित हो।

# माड़वी हिड़मा और बसवा राजू के ढेर होने के बाद ढह रहा नक्सलवाद

## खात्मे की ओर 'लाल सलाम'

एजेंसी | जगदलपुर

छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग, जो लंबे समय से नक्सली हिंसा का केंद्र रहा है, अब निर्णायक बदलाव की ओर बढ़ रहा है। शीर्ष नक्सली नेता माड़वी हिड़मा और बसवा राजू के मारे जाने के बाद नक्सल संगठन की कमर लगभग टूट चुकी है। सुरक्षाबलों ने पिछले 18 महीनों में 14 से अधिक बड़े नक्सली कमांडरों को ढेर किया है, जिसके बाद अब संगठन में केवल 9 शीर्ष नक्सली कैडर ही बचे बताए जा रहे हैं। लगातार सफल ऑपरेशनों, बड़े नेताओं के खात्मे और नक्सली ढांचे के बिखरने से यह माना जा रहा है कि बस्तर उन चार दशकों पुराने जाल से बाहर निकलने की सबसे नजदीकी स्थिति में है।



### शीर्ष नक्सलियों की तलाश जारी

सुरक्षा एजेंसियों का फोकस अब उन नौ वांछित नक्सलियों पर है, जिनमें देवजी, गणपति, मिशिर बेसरा, गणेश उइके, संग्राम, रामदेर, पापा राव, मंगतू और बारसे देवा शामिल हैं। इनमें कई पर 1 करोड़ रुपये तक का इनाम घोषित है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, यदि ये शेष नेता मारे जाते हैं या आत्मसमर्पण करते हैं, तो बस्तर में नक्सलवाद का अध्याय लगभग समाप्त माना जाएगा।

### बड़ी सफलता : कई शीर्ष कमांडर ढेर

पिछले एक वर्ष में हिड़मा सहित देश के कई सबसे खतरनाक नक्सली कमांडरों को सुरक्षा बलों ने विभिन्न मुठभेड़ों में मार गिराया है। इनमें जयराम, सुधाकर, रेणुका, रवि, राजे, मधु, नीति, रूपेश, दसरू, रणधीर और जोगन्ना जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। हिड़मा की मौत के बाद नक्सली संगठन में नेतृत्व का गंभीर संकट पैदा हो गया है।

### 2026 : अंतिम ऑपरेशन की तैयारी


केंद्र और राज्य सरकार के मिशन 2026 अभियान के तहत बस्तर में नक्सली प्रभाव वाले इलाकों को पूरी तरह साफ़ करने का लक्ष्य रखा गया है। अबूझमाड़ में बड़े ऑपरेशनों के बाद नक्सलियों की सुरक्षित पनाहगाहें लगभग खत्म हो चुकी हैं। अब सुरक्षा बलों का ध्यान बीजापुर और दक्षिणी बस्तर पर है।

**अजेय वारियर 25** | भारत की स्वदेशी क्षमता का दमदार प्रदर्शन

# भारत-यूके का संयुक्त सैन्य अभ्यास का सफलतापूर्वक समापन

एजेंसी | बीकानेर

राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और ब्रिटेन की सेनाओं के बीच आयोजित संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय वारियर-25' रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 15 दिनों तक चले इस अभ्यास ने दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग, पेशेवर उत्कृष्टता और संयुक्त ऑपरेशनल तालमेल को एक नई मजबूती प्रदान की।



### समापन समारोह में सौहार्द का संदेश

समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैनिकों को सम्मानित किया गया, जिससे दोनों सेनाओं के बीच बने भरोसे और आपसी मित्रता को और मजबूती मिली। 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को प्रदर्शित करते हुए स्वदेशी हथियार प्रणालियों की एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### आतंकवाद-रोधी अभियानों पर केंद्रित प्रशिक्षण

रक्षा जन संपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन के अनुसार, इस आठवें संस्करण में संयुक्त राष्ट्र पर आधारित आतंकवाद-रोधी परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अभियान चलाने का अभ्यास किया गया। भारत की सिख रेजिमेंट और यूके की रॉयल गोरखा रेजिमेंट के कुल 240 चुनिंदा सैनिकों ने इसमें भाग लिया। वेलिडेशन फेज में दोनों पक्षों ने उच्च स्तरीय तालमेल और सटीकता दिखाते हुए प्रभावशाली संयुक्त क्षमता का प्रदर्शन किया।

### दोनों देशों के रक्षा सहयोग को नई दिशा

'अजेय वारियर-25' ने भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच दीर्घकालीन रक्षा साझेदारी को और गहरा किया है। यह संयुक्त अभ्यास वैश्विक शांति और सुरक्षा के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को भी पुनः रेखांकित करता है।